आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

यश भारत

● वर्ष- 17 अंक 7 ● कटनी ● मंगलवार, 7 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 2 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

हल्द्वानी के 4 हजार घर और मंदिर-मस्जिद फिलहाल नहीं टूटेंगे

नई दिल्ली एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट में हल्द्वानी में रेल प्रशासन के दावे वाली जमीन सेकब्जाधारियों को हटाने के उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की। उत्तराखंड सरकार और रेलवे ने स्ष्ट से मामले का समाधान खोजने के लिए समय मांगा, जिसके बाद कोर्ट ने कहा कि हल्द्वानी के अतिक्रमण 8 हफ्ते तक नहीं हटाए जाएंगे। मामले में अगली सुनवाई 2 मई को होगी।

परोल पर बाहर आकर राम रहीम ने रिलीज किया एल्बम

गाना सोशल मीडिया पर वायरल

नई दिल्ली एजेंसी। रेप के मामले में जेल काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम फिर से परोल पर फिर से बाहर आ गए हैं। जेल से बाहर आकर उन्होंने अपना नया एल्बम देश की जवानीज रिलीज किया है। बता दें कि डेरा प्रमुख पर दो साध्वियों से रेप का आरोप था। सोशल मीडिया पर उनका गाना भी काफी वायरल हो रहा है। यह अक्टूबर में ही रिलीज हुआ था। यूट्यूब पर इस गाने को 70 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। डेरा प्रमुख को 20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। वह रोहतक की सुनारिया जेल में थे। 21 जनवरी को उन्हें 40 दिन की परोल दी गई है। बता दें कि गुरमीत राम रहीम का जो गाना वायरल हो रहा है उसके संगीतकार, लेखक और गायक रहीम ही हैं। सजा होने के बाद राम रहीम अपनी छवि चमकाने की कोशिश में लगे हैं। इस तरह के कामों को जरिए खुद को देशभक्त दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। राम रहीम की मुंहबोली बेटी हनीप्रीत ने भी सोशल मीडिया पर इस लॉन्च की जानकारी दी। गुरमीत राम रहीम के नए एल्बम में डेरा के वॉलंटियर भी दिखाई दे रहे हैं। एल्बम में देखा जा सकता है कि राम रहीम अपनी पुरानी स्टाइल में गाड़ी पर एंट्री लेते हैं। इस एल्बम का थीम नशे पर रखा गया है। गाने के जरिए नशा छोड़ने की अपील करते नजर आते हैं।

तुर्किये-सीरिया में 4300 से ज्यादा मौतें

हजारों अभी भी मलबे में दबे

नई दिल्ली एजेंसी। तुर्किये और सीरिया में मंगलवार को फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। एक दिन पहले आए 3 बड़े झटकों के बाद दोनों देशों के कई शहर तबाह हो गए हैं। 24 घंटे बाद भी यहां लाशें मिलने का सिलसिला जारी है। अभी भी बड़ी-बड़ी बिल्डिंग्स के कई टन मलबे के नीचे जिंदगियां तलाशी जा रही हैं। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं, जो मिल रहे हैं, उनकी हालात देख रेस्क्यू टीम के हाथ कांप रहे हैं। किसी के जिंदा होने की खबर मिलते ही उसे बचाने को कोशिशें और बैचेनी बढ़ जाती है।

तुर्किये के सानलिउर्फा प्रांत में ऐसा ही वाक्य देखने को मिला, जब एक महिला को 22 घंटे बाद जिंदा बाहर निकाला गया। रेस्क्यू टीम को ये महिला बेहोश हालात में मिली। उधर सीरिया के अलेप्पो में भी लोगों को बिल्डिंग्स की छतें काटकर निकाला जा रहा है। ऐसा मंजर दोनों देशों के कई शहरों में है।तुर्किये और सीरिया में ये तबाही 3 बड़े भूकंपों के बाद आई। पहला तुर्किये के वक्त के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब चार बजे (7.8), दूसरा करीब 10 बजे (7.6) और तीसरा दोपहर 3 बजे (6.0) आया। इसके अलावा 243 आफ्टर शॉक्स दर्ज किए गए। इनकी तीव्रता 4 से 5 रही। दोनों देशों में 4,300 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। तुर्किये में 2,921 लोगों की जान जा चुकी है और 15 हजार से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं, सीरिया में 1,444 लोग मारे गए और 2 हजार से ज्यादा जख्मी हैं।

तुर्किये के 10 प्रांतों में तबाही, तो सीरिया का अलेप्पो शहर तबाह

तुर्किये के 10 से ज्यादा प्रांतों में भारी तबाही हुई है। यहां 6,217 से ज्यादा इमारतें धराशायी हो गई हैं। सीरिया में भी भूकंप की वजह से ऐसे ही हालात हैं। यहां भूकंप प्रभावित कई इलाके बशर अल असाद की सरकार और विद्रोहियों के कब्जे में हैं, जिसकी वजह तबाही का सटीक आंकड़ा मिलना मुश्किल हो रहा है।

भारत को मिलने वाला S-400 मिसाइल का तीसरा रेजीमेंट

नई दिल्ली एजेंसी। भारत को रूस S-400 मिसाइल सिस्टम का तीसरा रेजीमेंट देने जा रहा है. एक रेजीमेंट में आठ लॉन्चर होते हैं. यानी आठ लॉन्चिंग ट्रक. हर ट्रक में चार लॉन्चर लगे होते हैं. यानी उनमें चार मिसाइलें निकलती हैं. कुल मिलाकर एक रेजीमेंट में 32 मिसाइलें होती हैं. यानी एक रेजीमेंट किसी भी समय 32 मिसाइलें दाग सकता है. भारत के पास ऐसे तीन रेजीमेंट होने के बाद देश की राजधानी दिल्ली और सीमाओं की सुरक्षा मजबूत हो जाएगी।इस मिसाइल सिस्टम के लेकर पिछले साल अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने कहा था कि भारत स-400 मिसाइल सिस्टम का इस्तेमाल चीन और पाकिस्तान के खिलाफ कर सकता है, अगर इन दोनों देशों ने किसी भी तरह की हरकत की. अमेरिकी डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल स्कॉट बेरियर ने कहा था कि भारत को दिसंबर 2021 से रूस ने S-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम देना शुरु किया था. स्कॉट ने बताया कि भारत ने इन मिसाइलों को पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर जून 2022 से तैनात करना शुरू कर चुका है. चीन के साथ लगातार सीमा को लेकर संघर्ष की स्थिति बनती रहती है. पाकिस्तान भी मौके की तलाश में रहता है।

विक्टोरिया को जज बनाने के खिलाफ दायर अर्जी खारिज

SC जज बोले- मेरा भी पॉलिटिकल बैकग्राउंड था

नई दिल्ली एजेंसी। भाजपा की नेता रहीं एल. विक्टोरिया गौरी को मद्रास हाई कोर्ट की अडिशनल जज बनाए जाने के खिलाफ दायर अर्जी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि हम कॉलेजियम को यह आदेश नहीं दे सकते कि वह विक्टोरिया गौरी को लेकर अपनी सिफारिश पर दोबारा विचार करे। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई ने कहा, अदालत में जज बनने से पहले मेरा भी राजनीतिक बैकग्राउंड रहा है। मैं 20 सालों से जज हूं और मेरा राजनीतिक बैकग्राउंड मेरे रास्ते में कभी आड़े नहीं आया।ज एक तरफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी तो वहीं दूसरी तरफ उसी समय एल. विक्टोरिया गौरी ने जज के तौर पर शपथ ले ली। जस्टिस संजीव खन्ना और बीआर गवई की बेंच ने कहा कि यह नहीं माना जा सकता कि कॉलेजियम को विक्टोरिया गौरी के राजनीतिक बैकग्राउंड या फिर उनके विवादित बयानों के बारे में जानकारी नहीं रही होगी। बेंच ने कहा कि गौरी को सिर्फ अडिशनल जज के तौर पर नियुक्ति दी गई है। ऐसे भी मामले हैं, जब अडिशनल जज के कामकाज के आधार पर उसे स्थायी नियुक्ति नहीं दी गई। मद्रास हाई कोर्ट के वकीलों की ओर से दो याचिकाएं दायर की गई थीं, जिसमें गौरी को हाई कोर्ट का जज बनाए जाने पर सवाल उठाया गया था। इन याचिकाओं में कहा गया था कि गौरी भाजपा से जुड़ी रही हैं। इसलिए उन्हें जज बनाने का फैसला गलत है और इससे न्यायपालिका की स्वायत्ता एवं स्वतंत्रता प्रभावित होती है। गौरी पर आरोप लगाए गए थे कि उन्होंने धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले बयान भी दिए थे।

दिल्ली में मेयर चुनाव को लेकर बीजेपी-आप का प्रदर्शन, तीन बार टल चुका है चुनाव

नई दिल्ली एजेंसी। दिल्ली में मेयर चुनाव को लेकर घमासान जारी है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी (AAP) और भाजपा ने एक दूसरे के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। सोमवार को तीसरी बार भी मेयर का चुनाव नहीं हो सका था। 10 नॉमिनेटेड मेंबर्स को वोट की मंजूरी मिलने के बाद भाजपा और AAP के मेंबर्स ने हंगामा शुरू कर दिया था। इसके बाद स्ष्टष्ठ सदन की कार्यवाही स्थगित करना पड़ा था। हालांकि इससे पहले 6 और 24 जनवरी को भी चुनाव नहीं हो पाया था।

बच्ची के होंठ पर 100 रुपये का नोट फेरा

मुंबई एजेंसी। एक नाबालिग लड़की के होंठ पर 100 रुपये का नोट फेरते हुए 32 वर्षीय शख्स ने यह कहते हुए तंज कसा कि तुम इतना भाव क्यों खा रही हो? कोर्ट ने आरोपी की इस हरकत को शील भंग और यौन उत्पीड़न करने के समान माना है। इसलिए आरोपी को दोषी ठहराते हुए एक साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने इस बात का भी ध्यान रखा कि लड़की का परिवार उस पर निर्भर था, क्योंकि उसकी मां कैंसर की मरीज थी। घटना साल 2017 को मुंबई में हुई थी।मुंबई की विशेष अदालत के न्यायाधीश एस सी जाधव ने दोषी को सजा सुनाते हुए कहा, यह अदालत का कर्तव्य है कि वह अपराध की गंभीरता के आधार पर उचित सजा दे। इस मामले में सरकारी वकील वीना शेलार की तरफ से दोषी को सजा दिलाने के लिए कई गवाह पेश किये गए। जिसमें लड़की, उसकी मां और पड़ोसी शामिल थे।मामला जुलाई 2017 का है। आरोपी मुंबई पुलिस ने 14 जुलाई 2017 को गिरफ्तार किया था। अप्रैल 2018 में जमानत मिलने के बाद उसे एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया था। 16 वर्षीय लड़की ने अदालत को बताया कि 13 जुलाई 2017 को रात 8 बजे वह अपने पड़ोसी के साथ बाजार गई थी। उसने कहा कि आरोपी ने उसका पीछा किया। आरोपी उसके दाहिनी ओर से आया और उसके होठों पर 100 रुपये का नोट फेर दिया।

कोर्ट ने माना- यौन उत्पीड़न, सुनाई सजा

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना अरुणोदय पंचांग

महाराष्ट्र कांग्रेस में संकट!

बाला साहेब थोराट का इस्तीफा नाना पटोले पर उठाए थे सवाल

मुंबई एजेंसी। महाराष्ट्र कांग्रेस में दरार बढ़ती नजर आ रही है। खबर है कि वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। एक दिन पहले ही उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पर सवाल उठाए थे। कहा जा रहा है कि नासिक से सत्यजीत तांबे के निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पर्चा भरने और चुनाव जीतने के बाद प्रदेश कांग्रेस में तनातनी तेज हो गई है।हाल ही में पार्टी के वरिष्ठ नेता थोराट ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को पत्र लिखा था। उन्होंने पत्र में मौजूदा प्रदेश प्रमुख पटोले के साथ काम करने में असमर्थता जताई थी। हालांकि, पुणे में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पटोले ऐसे किसी पत्र से इनकार करते रहे। उन्होंने कहा कि इसबारे में जानकारी नहीं है। खबर है कि थोराट ने पत्र में नजरअंदाज किए जाने का भी जिक्र किया है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उन्होंने जानकारी दी है कि राज्य में होने वाले फैसलों के बारे में उन्हें जानकारी नहीं दी जाती है।

उज्जैन में ऑटो चालक को 3 पुलिस कर्मियों ने पीटा, तीनों निलंबित

भोपाल यशभारत। उज्जैन में सोमवार को अवंतिका होटल में यात्री लेने को लेकर एक विवाद सामने आया। इसमें पहले होटल कर्मचारियों ने एक ऑटो चालक को जमकर पीटा। उसके बाद पुलिस को बुला लिया। 3 पुलिसकर्मियों ने भी ऑटो चालक को लाठी से पीटा। वहां मौजूद कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया। मामले में स्कनिवेदिता गुप्ता ने तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया।

मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कार ने युवक को 11 किलोमीटर घसीटा

शरीर के दो टुकड़े हुए

मथुरा एजेंसी। दिल्ली के कंझावला जैसा मथुरा में हादसा हुआ है। यमुना एक्सप्रेस-वे पर कार ने युवक के शव को कई किलोमीटर तक घसीटा। मांट टोल प्लाजा पर कार रुकी, तब सिक्योरिटी गार्ड की नजर पड़ी और फिर शव को गाड़ी के नीचे से बाहर निकाला।

शरीर के दो टुकड़े हो गए। गाड़ी में फंसे शव के लोथड़े निकाले गए। शव की हालत देखकर लोगों का कहना है कि करीब 10-12 किमी घसीटा गया है। कार आगरा से नोएडा की तरफ जा रही थी। दिल्ली निवासी वीरेंद्र कार चला रहा था। उसे हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है।

तड़के तीन बजे टोल प्लाजा पर पहुंची कार

शव करीब 30 वर्षीय युवक का है। अभी उसकी शिनाख्त नहीं हुई है। कार स्विफ्ट है, जिसका नंबर DL12, CT2125 है। मंगलवार तड़के 3 बजे कार मांट टोल प्लाजा पर पहुंची थी। कार में 2 महिला और 2 पुरुष सवार थे। वे लोग दिल्ली के तिगड़ी थाना क्षेत्र के संगम विहार के रहने वाले हैं। परिवार के साथ आगरा में शादी कार्यक्रम से लौट रहे थे। टोल कटाने के लिए जब गाड़ी रुकी तो सुरक्षा कर्मियों को गाड़ी के पीछे से सड़क पर बहते खून के निशान दिखे। गाड़ी के पीछे जाकर देखा तो एक युवक का शव बुरी तरह फंसा था। इसके बाद कार को रोक लिया गया। पुलिस को सूचना दी गई। फिर पुलिस की मौजूदगी में शव को निकाला गया।

आज रोज-डे से वेलेंटाइन वीक

7 दिन धड़केंगे युवाओं के दिल, एक सप्ताह प्यार के फेस्टीवल को मनाने का दिन

कटनी, यशभारत। प्यार के इजहार के लिए स्पेशल डे कहे जाने वाले वैलेंटाइन डे की शुरुआत एक सप्ताह पहले रोज डे से होती है। इसे वैलेंटाइन वीक के नाम से भी जानते हैं। ऐसे में यहां जानें इस साल के वैलेंटाइन डे वीक के बारे में कब कौन सा दिन पड़ रहा है। लव फेस्टिवल कहा जाने वाला वैलेंटाइन डे यूं तो मुख्य रूप से 14 फरवरी को मनाया जाता है लेकिन इसकी शुरुआत 7 फरवरी रोज डे से हो जाती है। जो आज से हो गई। कटनी शहर में कपल्स स्थानीय चौपाटी समीप फूल मार्केट में अपने वेलेंटाइन के लिए गुलाब का फूल खरीदते हुए दिखे। कहीं खुल कर तो कहीं छिप छिप कर युवतियां भी रोज खरीदते नजर आईं। इसी बहाने न सिर्फ गुलाब के फूल की बिक्री हुई तो वहीं इसके रेट भी बढ़ गए। इस सप्ताह को इसे वैलेंटाइन वीक कहा जाता है। वैलेंटाइन डे वीक में हर दिन का अपना अलग-अलग महत्व है। लव फेस्टिवल कहा जाने वाला यह वैलेंटाइन वीक लोगों को अपने पार्टनर की तारीफ करने, साथ में टाइम स्पेंड करने, उससे वादे करने, उसे करीब से जानने, उसके साथ अपने रिलेशन को मजबूत करने, अपनी फीलिंग्स एक्सप्रेस करने का एक गोल्डन चांस देता है।वैलेंटाइन वीक में मनाए जाते हैं ये डेज वैलेंटाइन वीक में 7 फरवरी को रोज डे, 8 फरवरी को प्रपोज डे, 9 फरवरी को चॉकलेट डे, 10 फरवरी को टेडी डे, 11 फरवरी को प्रॉमिस डे, 12 फरवरी को हग डे, 13 फरवरी को किस डे और फाइनली 14 फरवरी वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। वैलेंटाइन डे प्यार के इजहार के लिए स्पेशल माना जाता है।

यहां पहरा भी है प्यार पर

वेलेंटाइन डे को लेकर जहां आज की पीढ़ी में उत्साह है वहीं इसे पश्चिमी सभ्यता की फूहड़ता करार देकर नहीं मानने वालों की भी संख्या कम नहीं है। खास तौर पर हिन्दू संगठन ऐसी परंपरा को लेकर नाराज रहते हैं मतलब प्यार पर पहरा के लिए भी कई का दिल धड़क रहा है।

वैलेंटाइन डे वीक 2023 पूरी लिस्ट

7 फरवरी (सोमवार) - रोज डे
8 फरवरी (मंगलवार) - प्रपोज डे
9 फरवरी (बुधवार) - चॉकलेट डे
10 फरवरी (गुरुवार) - टेडी डे
11 फरवरी (शुक्रवार) - प्रॉमिस डे
12 फरवरी (शनिवार) - हग डे
13 फरवरी (रविवार) - किस डे
14 फरवरी (सोमवार) - वैलेंटाइन डे

दिन भर चलीं भाजपा की संगठनात्मक बैठकें

चुनावी वर्ष में भाजपा हुई सक्रिय, जिला प्रभारी व जिलाध्यक्ष ने की मोर्चों की गतिविधियों की समीक्षा

अल्पसंख्यक मोर्चा, महिला मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, अजा अजजा मोर्चा को और अधिक गतिशील बनाने में जुटा संगठन

कटनी, यशभारत। भाजपा जिला कार्यालय में कल पूरे दिन संगठनात्मक बैठकें जारी रहीं। पार्टी भले ही इसे रूटीन बैठक कहे पर साफ है कि चुनावी वर्ष पर पार्टी फ्रंटफुट पर आ गई है। विकास यात्राओं के साथ साथ संगठन स्तर पर भी मजबूती के प्रयास जारी हैं।

बहरहाल संगठनात्मक क्षमता को और अधिक प्रभावी बनाने जिला प्रभारी संजय साहू ने जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन के साथ मिलकर ये बैठकें लीं। मोर्चा की इन बैठकों में सभी पदाधिकारियों से जनता से निरन्तर संवाद के साथ साथ सक्रियता से दायित्व में जुटने का आव्हान करते हुए जिला प्रभारी संजय साहू ने कहा कि हमारी संगठन क्षमता ही हमारी शक्ति है।

कार्यकर्ता आधारित तथा हर वक्त समाजसेवा के संकल्प के साथ कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही आज संगठन इस मुकाम पर है। आने वाला समय बेहद महत्वपूर्ण है लिहाजा सभी मोर्चा प्रकोष्ठ को अपनी पूरी शक्ति के साथ कार्य करना होगा। हमारे पास उपलब्धि आपार हैं। जनता के लिए सरकार की जनहितकारी योजनाओं की लंबी फ़ेहरिस्त है। विकास कार्यों के जितने कार्य केंद्र तथा राज्य की सरकार ने किए वह अनुकरणीय हैं।

हमें जनता के पास इन्हें लेकर जाना है। हर वक्त एक्टिव रहना ही भाजपा संगठन की पहचान है। जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने बैठकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विपक्ष के झूठ का जवाब हमने संगठन तथा सत्ता के जनहितकारी कार्यों से दिया है।इसी तरह सभी मोर्चा प्रकोष्ठों तथा सभी कार्यकर्ताओं को अपने दायित्व पर सजग रहते हुए जिमनेदारी पर खरा उतरना है। आज हम विकास यात्रा निकाल रहे हैं क्योंकि हमारी केंद्र तथा राज्य की सरकार ने जनता के लिए हर वर्ग का ख्याल रख कर कार्य किये। इसी तरह संगठन की भूमिका भी जनता के लिए निरंतर सक्रियता वाली हर वक्त रहती है। सभी मोर्चा को गर्व के साथ लोगों तक अपनी सरकार और कार्य को बताने का वक्त है।

मातृशक्ति संगठन की रीढ़ : संजय साहू

सबसे पहले महिला मोर्चा की बैठक हुई जिसमें जिला प्रभारी श्री संजय साहू ने कहा कि महिलाओं में वह शक्ति है जो इतिहास बना सकती है। मातृ शक्ति पर संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन ने मोर्चा की कार्ययोजना की जानकारी जिला प्रभारी जिलाध्यक्ष के समक्ष रखी।

भाजपा से मुस्लिम समाज को डरा कर रखा गया– सैय्यद इब्राहिम

अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी बैठक संपन्न हुई बैठक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री व प्रदेश प्रभारी सैय्यद मोहम्मद इब्राहिम,भाजपा जिला प्रभारी जिलाध्यक्ष ने संबोधित किया। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला संयोजक नवाब खान ने सभी मोर्चा के कार्यों का वृत्त प्रस्तुत किया । मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सैय्यद इब्राहिम ने कहा कि विपक्षी दलों ने मुस्लिम समाज को डरा रखा है। भाजपा जोडने का काम करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को सोने की चिड़िया बनाना है जिसमे मुश्लिम समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

सिर्फ भाजपा ने रखा पिछड़ावर्ग का ख्याल

बैठकों की श्रंखला में पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला पदाधिकारियों की बैठक में भाजपा नेताओं ने कहा कि भाजपा ही पिछड़े वर्ग के हित में कार्य करती है भाजपा 2023 में मप्र में पुनः सरकार बनाने में पिछड़ा मोर्चा की बड़ी भूमिका है। पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला प्रभारी संजय साहू की उपस्थिति में मोर्चा के जिलाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने संगठन के कार्यों का वृत्त रखते हुए विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला प्रभारी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सहित अनेक पिछडा वर्ग के लिए योजनाएं संचालित की हैं, साथ ही रोजगार के लिए भी साधन के साथ-साथ सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। आज ऐसा एक भी घर नहीं है, जिसमें राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ ना लिया हो हमें ऐसे ही हितग्राहियों से संपर्क करना है व भाजपा से जोडना है। प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी ने कहा कि मंडलों के प्रभारी अपने अपने मंडलों का प्रवास करें शासन की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएंगे व अपने क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोडने का कार्य करेंगे यह वर्तमान के समय मे जरूरी है।

जनजाति समाज आज देश के सर्वोच्च पद पर सुशोभित

जिला कार्यालय में बैठक के इस क्रम में अनुसूचित जाति तथा जनजाति मोर्चा की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष श्री टण्डन ने कहा कि भाजपा ने देश के सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति के लिए द्रोपदी मुर्मू, रामनाथ कोविंद को बैठाकर अनुसूचित जाति, जनजाति समाज को सबसे बड़ा सम्मान दिया। जिला प्रभारी श्री साहू ने कहा कि जनता तक सरकार की नीतियां पहुंचाएगा भाजपा अनुसूचित जाति,जनजाति मोर्चा इस कार्य को हम सभी को गम्भीरता से लेकर जुटना होगा। बैठक में दोनों ही मोर्चों की भूमिका और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अनुसूचित जाति,जनजाति मोर्चा की संयुक्त बैठक में दोनों ही मोर्चो के जिला संयोजक जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र कोल, अनुसूचित जाति शिवकुमार चौधरी बब्लू ने संगठन के पिछले एवं आगामी कार्यों का वृत्त रखा।

युवक की नृशंस हत्या के आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

भट्ठा मोहल्ला श्मशानघाट के पास कल मिला था रक्तरंजित शव

कटनी, यशभारत। रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत भट्ठा मोहल्ला स्थित श्मशानघाट के पास की गई नृशंस हत्या के मामले में पुलिस अब तक आरोपियों का सुराग नहीं लगा पाई है। पुलिस परिजनों व मृतक के दोस्तों से पूछताछ करते हुए आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाते हुए उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। गौरतलब है कि कावसजी वार्ड निवासी 24 वर्षीय अरविंद पिता विजय वंशकार का रक्तरंजित शव सोमवार की सुबह श्मशानघाट के पास से बरामद किया गया था। उसकी धारदार हथियार से हमला कर बेरहमी से हत्या की गई थी। आरोपियों ने वारदात को कहीं और अंजाम दिया था तथा बाद में साक्ष्य छिपाने की नियत से लाश को श्मशान घाट के पास लाकर फेंक दिया था। बताया जाता है कि मृतक रविवार को अरविंद संत रविदास जयंती पर आयोजित जुलूस में शामिल होने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा और सोमवार की सुबह उसकी रक्तरंजित लाश बरामद की गई। बहरहाल पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या कर साक्ष्य छिपाने का मामला धारा 302, 201 के तहत दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है लेकिन पुलिस को अब तक आरोपियों का सुराग लगाने में सफलता नहीं मिली है। पुलिस वारदात की गुत्थी सुलझाने मृतक के परिजनों, दोस्तों से जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा परिजनों व दोस्तों की जानकारी के आधार पर ही क्षेत्र के कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह का कहना है शीघ्र ही वारदात की गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

आम सूचना

सर्वसाधारण एवं समस्त वित्तीय संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा वर्तमान में नगर पालिक निगम अभिलेखों में लक्ष्मी बाई पति स्व. शंकर सिंह ठाकुर के नाम पर दर्ज महात्मा गांधी वार्ड, गांधीगंज, कटनी में स्थित में निर्मित मकान जो कि 920 वर्गफुट, जिसकी नाप उत्तर दक्षिण 46 फुट, पूर्व पश्चिम 30 फुट एवं चौहद्दी उत्तर में 20 फुट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में 05 फुट चौड़ी कुलिया, पूर्व में बड़गैंया जी का मकान एवं पश्चिम में सोनी का मकान स्थित है, को क्रय करने का सौदा उनके वारसानों दो पुत्रियों क्रमशः मेघा उर्फ पिंकी ठाकुर एवं रुचि उर्फ शिमला ठाकुर दोनों के पिता स्व. शंकरसिंह ठाकुर, दोनों निवासी जबलपुर से क्रय करने का इकरार मेरे पक्षकार ने किया है। उक्त भवन को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्थाओं को कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें 07 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति नहीं प्राप्त होती है तो मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय इकरारनामा निष्पादित करवा लेवेगा, जिसमें बाद में कोई भी आपत्ति स्वीकार्य योग्य नहीं होगी। कटनी दिनांक 07.02.2023

भवदीय अनादि निगम (एडवोकेट)
सिविल कोर्ट, कटनी, निवास कार्यालय मेन रोड आदर्श कॉलोनी, कटनी
(म.प्र.) मो. 7722844073

रेलवे का आपरेशन आहट, बचपन बचाओ पतंग उड़ाओ

बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के संबंध में रेलवे का जागरूकता अभियान

कटनी, यशभारत। ऑपरेशन आहट के तहत बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के संबंध में रेलवे का जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस सप्ताह के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल जरूरतमंद यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान रखते हैं। पश्चिम मध्य रेलवे, आरपीएफ द्वारा जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु 24 घंटे सतत् ड्यूटी की जा रही है। इसी श्रृंखला में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सराहनीय कार्य करते हुए ऑपरेशन आहट अभियान के तहत बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया। ऑपरेशन आहट के तहत शनिवार 4 फरवरी 2023 को रेल सुरक्षा बल पोस्ट कटनी के उप निरीक्षक सुरभि ठाकुर, आवाज जन कल्याण संस्था (चाइल्ड लाइन) की सदस्य श्रीमती कल्पना द्विवेदी, नितिन एवं जीआरपी कटनी और अन्य कटनी स्टॉफ के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन कटनी के सर्कुलेटिंग एरिया मे बचपन बचाओ पतंग उड़ाओ एवं ऑपरेशन आहट अभियान चलाकर आने-जाने वाली गाड़ियों तथा स्टेशन के यात्रियों को उक्त जागरूकता अभियान के संबंध मे समझाईश दी गयी कि यात्रा के दौरान, कोई बच्चा बीमार और अकेला हो, किसी बच्चे को आश्रय की जरूरत हो, कोई बच्चा छोड़ दिया गया हो या गुम हो गया हो, किसी बच्चे का शोषण हो रहा हो या पिट रहा हो या अन्य किसी प्रकार ग्रसित हो तो इस प्रकार के बच्चों की जानकारी आरपीएफ व चाईल्ड लाईन के हेल्प लाईन नं. 1098 पर भी सूचित किया जाये। जिससे उक्त बच्चे का रेस्क्यू किया जा सके। रेल सुरक्षा बल के सदस्यों द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है। पमरे रेल सुरक्षा बल द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार अभियान जारी रखा जायेगा।

आग में गृहस्थी का सामान जलकर खाक,एक मवेशी की मौत, दो झुलसे

कटनी, यशभारत। विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम जमुआनीकला में एक मकान में आग लगने से मकान के अंदर रखा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया और मकान के अंदर बंधे एक मवेशी की भी आग में जलने से मौत हो गई जबकि दो मवेशी झुलस गए। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जमुआनीकला निवासी प्रेमलाल सिंह गोड़ के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से एक मवेशी की मौत हो गई है जबकि दो मवेशी झुलस गए हैं। आगजनी में मकान के अंदर रखा गृहस्थी सामान भी जलकर नष्ट हो गया है। सूचना पर पशु चिकित्सक ने मवेशियों का उपचार किया है। पीड़ित ने प्रशासन से राहत की मांग की है।

महान समाज सुधारक एवं लोगो के पथ प्रदर्शक रहे संत रविदास

कटनी, यशभारत। शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी के हिंदी विभाग में माघी पूर्णिमा संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ. विमला मिंज के द्वारा रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. गुप्ता, ने कहा कि महापुरूषों का जीवन प्रेरणा देता है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. साधना जैन ने अपने उद्बोधन में बताया कि संत रविदास महान समाज सुधारक एवं लोगो के पथ प्रदर्शक रहे। डॉ. विमला मिंज ने कहा कि संत रविदास हिंदी साहित्य के महान भक्त और कवि रहे। उन्होने जीवन भर वर्ण-व्यवस्था, जाति-पाति, छुआ-छूत का विरोध करके लोगो को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। डॉ. के.जी सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 600 साल पूर्व प्रारंभ की गयी संतों के संघर्ष का परिणाम है कि हमारे समाज से तमाम सामाजिक कुरीतियों को जानने और पहचानने और उन्हे दूर करने का प्रयास किया गया। डॉ. अशोक शर्मा ने संत रविदास के जीवन से सभी को प्रेरणा लेने का आग्रह किया । भीम बर्मन के द्वारा डिजिटल माध्यम से संत रविदास के बहुप्रसिद्ध भजन ''प्रभुजी तुम चंदन हम पानी'' का प्रस्तुतिकरण करके सभागार को रविदासमय किया गया। श्रीमती सुमन अहिरवाल संत रविदास के जीवन में केंद्रित रोचक कहानी प्रस्तुत की । इस अवसर पर डॉ. किरण खरादी, अमिताभ पाण्डेय, श्री के.जे. सिन्हा, प्रेमलाल कॉवरे, डॉ. नीना बजाज, श्रीमती नम्रता निगम, सुश्री प्रीति तिवारी, फूलचंद कोरी, सुश्री सोनिया कश्यप, सुश्री श्वेता कोरी, डॉ. वंदना चैहान, डॉ अनिका वालिया, श्रीमती देववती चक्रवर्ती, अन्य प्राध्यापकगण एवं छात्राओ की उपस्थिति रही ।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 8 शो ता. 25 से दोपहर 12.45, 1.15, 3.45, 4.15, 6.45, 7.15, 9.30 एवं रात्रि 10 बजे से

उसे अपने देश को ही धर्म मान लिया या देश की रक्षा को ही अपना धरम
कलाकार- शाहरूख खान, दीपिका पादुकोण, जॉन अब्राहम, आशुतोष राणा आदि।
पठान
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402
TICKET RATES

DIAMOND CLASS	300/-	PLATINUM CLASS	250/-
GOLD CLASS	200/-	SILVER CLASS	150/-

सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता– इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 07 फरवरी 2023

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपतियों को फायदा पहुंचा रही मोदी सरकार

कांग्रेस ने दिया धरना, प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेसी

कटनी,यशभारत। आम भारतीय की कीमत पर अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपतियों को फायदा पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश, खासकर मध्यम वर्ग चिंतित है। मोदी सरकार द्वारा अडानी समूह में एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश ने भारत के निवेशकों एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण द्वारा कचहरी चौक स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के सामने एक दिवसीय धरना के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष विक्रम खम्परिया ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मोदी सरकार से तीन मांग करती है। पहला उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की देख रेख में निष्पक्ष जांच हो। दूसरा हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की विस्तार से जांच के लिए जेपीसी का गठन हो। तीसरा एलआईसी एसबीआई एवं अन्य राष्ट्रीकृत बैंको में अडानी समूह का जो जोखिम भरा निवेश है उस पर संसद में गहन चर्चा कराकर निवेशकों सुरक्षित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा कि मोदी सरकार की अपने चुनिंदा कॉरपोरेट मित्रों से सांठगांठ करके भारतीयों के पैसे की लूट करने की कोशिश चिंतनीय है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंशु मिश्रा ने कहा ये राहुल गांधी एक दूरदर्शी नेता है जिन्होंने पहले ही अड़ानी के घोटाले पर सरकार को चेताया थाएसरकार को इस घोटाले पर जेपीसी गठित चाहिए।मप्र कांग्रेस शिक्षा एवं शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष द्वय श्याम शर्मा, मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि मनु दीक्षित, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का, विजय पटेल, जिला महिला कांग्रेस शहर पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रजनी सोनी, अध्यक्ष रजनी वर्मा, महापौर प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल, ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती माधुरी जैन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में एलआईसी के 39 करोड़ पॉलिसी धारकों और निवेशकों को 33 हजार 60 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। धरने में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, रीठी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ नरेंद्र राय, जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश जाटव,जिल कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मारूफ अहमद हनफी, देवीदीन गुप्ता, कमल पांडे ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जिला महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमति रजनी सोनी एवं आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस के संगठन मंत्री महेंद्र जैन ने किया। धरना में जिला इंटक परिषद अध्यक्ष बीएम तिवारी, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, मप्र कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रौनक खंडेलवाल, शंकर सेन, शिवकुमार यादव, मीनाक्षी बल्वी, माया चौधरी, हेमा शर्मा, आफताब अहमद, राजा जगवानी, संजय सिंह गोरा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष राहुल पटेरिया, विगढ़ विधानसभा अध्यक्ष शुभम शर्मा, जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड अध्यक्ष विपिन दुबे, डॉ. आनंद पटेल, श्वेता कटारे, सुमन रजक, रुक्मणि पांडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

400 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

कटनी,यशभारत। शिरोमणि महान समाज सुधारक सन्त रविदास जी की जयंती के अवसर पर ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी रजि. द्वारा पन्ना मोड़ गल्लामंडी रोड महाकाल मेडिकल में निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 400 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। माँ सरस्वती के पूजन उपरांत शिविर का शुभारंभ किया गया तथा सुबह 10 बजे से ही मरीज आने प्रारम्भ हो गए जो कि 2 बजे तक लगभग 400 रजिस्ट्रेशन किये गए। शिविर में उपस्थित जनों को प्रसाद के रूप में खिचड़ी खिलवाई गयी तथा प्रभु हनुमान जी के मंदिर में भी खिचड़ी वितरित की गई। शिविर में विभिन्न चिकित्सकों द्वारा संबंधित रोग की जाँच निःशुल्क की गई। जिसमें डॉ. अभिषेक मिश्र दन्त रोग विशेषज्ञ, डॉ. रीतेश दुबे जनरल सर्जन, डॉ. शानू अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. अनुराग खरे हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. शेफाली गुप्ता नेत्र रोग विशेषज्ञ की उपस्थति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकेश सचदेवा, श्रेहा खंडेलवाल, अखिलेश पुरवार, अमित तीर्थानी, राज सोनी, अंकित बिलैया, सुमन रजक, अरिजीत खरे, नीरज जसूजा, प्रशांत कुंटाकर आदि उपस्थित हुए। शिविर में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आदित्य तिवारी, संतोष गोपी कंदेले, श्रीमति मंजू शर्मा, मोनिका दुबे एवं कृष्णा सोनी द्वारा की गई।

मुहास मेले में ग्रामीणों से की मुलाकात

कटनी,यशभारत। बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के बिलहरी इमलाज मुहास में आयोजित संत रविदास की जयंती कार्यक्रम में जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष ठा गुमान सिंह पहुंचे तथा मुहास मेले में क्षेत्रवासियों से मुलाकात की। साथ में संगठन मंत्री महेंद्र जैन ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र राय सतीश राय शामिल थे।

श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ कल से

कटनी,यशभारत। झिंझरी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में पीरबाबा देवरी में 8 फरवरी से 14 फरवरी तक रामायण महाभारत एवं श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित श्रीमद भगवत गीता ज्ञान यज्ञ का आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित है जिसमें राजयोगिनी बीके भारती दीदी द्वारा प्रवचन किए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 8 फरवरी को प्रातः 11 बजे मंगल कलश यात्रा से किया जाएगा। दोपहर 1 से 4 बजे तक रोज गीता प्रवचन होंगे । 9 फरवरी से 14 फरवरी तक प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक म्यूजिकल एक्सरसाइज एवं मेडिटेशन प्रातः 7 बजे से 7.30 बजे तक तनावमुक्त खुशनुमा जीवन शिविर होंगे झिंझरी प्रभारी बीके ज्योति बहन और सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने सभी से कार्यक्रम में पहुंचकर अध्यात्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर सीईओ की प्रशंसा

कटनी,यशभारत। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों का मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत द्वारा व्यक्तिगत रूचि लेकर निराकरण कराया जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव ने मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गेमावत को सीएम हेल्पलाइन मे प्राप्त शिकायतों के अनुश्रवण एवं निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के फलस्वरूप माह दिसंबर 2022 मे 49.5 प्रतिशत संतुष्टि वेटेज एवं 84.6 प्रतिशत कुल वेटेज के साथ ए ग्रेड के साथ प्रदेश स्तर पर बारहवां स्थान प्राप्त करने पर अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से प्रशंसा पत्र जारी किया है। श्री श्रीवास्तव ने सीएम हेल्पलाइन का कार्य करने वाले अन्य सहयोगी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है एवं अपेक्षा की है कि भविष्य में भी आप सभी इसी निष्ठा एवं समर्पण भावना से आमजन की सेवा निष्पादन में सीएम हेल्पलाइन (181)में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराते रहेंगे।

64 योगिनी के स्थापना दिवस पर निकली विशाल चुनरी यात्रा

कटनी,यशभारत। शहर के प्रमुख शक्तीपठ जालपा मढिया में मां 64 योगिनी की प्राण प्रतिष्ठा की दसवीं वर्षगांठ मनाई गई। देवी मंदिर के प्रधान पुजारी लालजी पंडा के नेतृत्व में मातारानी की विशाल चुनरी यात्रा हनुमानजी के पूजन के बाद प्रारंभ हुई। यात्रा दक्षिणमुखी हनुमानम ंदिर स्टेशनरोड के समीप से प्रारंभ होकर सुभाश चौक, झंडा बाजार, शेर चौक, जगन्नाथ चौक होते हुए जालपा देवी मंदिर पहुंची जहां पर 111 मीटर चुनरी माता रानी को अर्पित की गई। इस धार्मिक आयोजन पर भव्य महाआरती की गई। चुनरी यात्रा में श्री बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। इस विशाल धार्मिक आयोजन में लोढ़ा पहाड़ सिद्धन धाम वाले संत भी पहुंचे। महाराजश्री के दर्शन पूजन एवं आशीर्वाद के लिए बड़ी संख्या में शिष्य मंडल पहुंचा। इस दौरान आनंद महाराज व लालजी पंडा मौजूद रहे। मंदिर परिसर में आयोजित महाआरती में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

निर्दलीय महापौर प्रत्याशी ने ली भाजपा की सदस्यता

कटनी,यशभारत। नगर निगम चुनाव में महापौर पद की निर्दलीय प्रत्याशी रही श्रीमती सूफिया रफीक खान ताजुल निशा ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भारतीय जनता पार्टी कटनी जिलामहिला मोर्चा की कामकाजी बैठक में जिले के प्रभारी संजय साहू एवं जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी से विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के मार्गदर्शन में सदस्यता ली। इस मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा जैन सोगानी एवं महिला मोर्चा प्रभारी अंकिता तिवारी ने कमल शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। महामंत्री ज्योति दीक्षित, उपाध्यक्ष सुश्री शमीम बानो के साथ सभी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

वैश्य महासम्मेलन का विशाल स्वेक्षिक रक्तदान शिविर कल

कटनी,यशभारत। कल 8 फरवरी को वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक श्रद्धेय स्व. नारायणदास गुप्ता की पुण्य स्मृति में युवा इकाई कटनी के तत्वधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 9.30 बजे से स्थानीय जिला चिकित्सालय में किया जाएगा। युवा जिलाध्यक्ष रजत जैन ने बताया की कार्यक्रम में तत्परता से रक्तदान कराने वाली संस्थाओं का सम्मान भी किया जाएगा।

कुरीतियां मिटाने में अहम भूमिका थी संत रविदास जी की

जिला कांग्रेस ग्रामीण ने गांव-गांव आयोजित किया कार्यक्रम

कटनी,यशभारत। संत रविदास जयंती के अवसर पर कटनी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में फॉरेस्टर वार्ड में आयोजित शोभायात्रा के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान सम्मिलित हुए इस अवसर पर उन्होंने कहा संत शिरोमणि रविदास जी एक महान संतए दर्शनशास्त्री कवि और महान ईश्वर प्रेमी थे उन्होंने प्रेम और ज्ञान दोनों का सामंजस्य बैठा कर अपनी रचनाओं को लिखा। उनके साहित्य में तत्कालीन कुरुतियां पर चोट की गई है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश जाटव , वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन, पूर्व पार्षद अरुण कनौजिया, एडवोकेट सुजीत द्विवेदी, अमित सिंह, राजकिशोर यादव आदि उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के तत्वाधान पर समूचे कटनी जिले में संत रविदास जयंती मनाई गई। जिसमें बहोरीबंद, कैमोर, बिलहरी, इमलाज, बरही, ग्राम पंचायत बड़खेरा, भरदा, बमोरी, धूरी, बड़वारा, भैंसवाही आदि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित रविदास जयंती कार्यक्रम में कांग्रेसजन सम्मिलित हुए।

वैदिक मंत्रोंच्चारण से श्रीराम महायज्ञ में चतुर्थ दिवस प्रगट हुई अग्नि

कौड़िया धनवाही स्थित संकट मोचन हनुमान राम-जानकी मंदिर में यज्ञ

कटनी,यशभारत। स्लीमनाबाद से बहोरीबंद मार्ग पर धनवाही-कौड़िया के मध्य स्थित प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम महायज्ञ वार्षिकोत्सव का 32वां वर्ष धूमधाम से मनाया जा रहा है। हनुमान जी महाराज की कृपादृष्टि एवं श्री 1008 श्री ब्रह्मलीन द्वारका दास जी महाराज नरसिंह टेकरी वालों की संरक्षता श्री 1008 श्री नीलकंठ जी महाराज के शिष्य श्री 1008 श्री बनवारी दासजी महाराज भरभरा आश्रम वालों की प्रेरणा स्रोत से क्षेत्रीय जनसहयोग से श्रीराम महायज्ञ का आयोजन 3 फरवरी से शुभारंभ किया गया है जो 10 फरवरी तक विद्वान पंडितों द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान श्रीराम महायज्ञ में कथा प्रवचन रामलीला एवं विशाल मेले का आयोजन भी आयोजित किया गया है। गौरतलब है कि क्षेत्र की आस्था और विश्वास का केंद्र श्रीराम-जानकी एवं हनुमान मंदिर है यहां पर लोगों की हर मनोकामनाएं हनुमंत लालजी महाराज की प्रेरणा से पूर्ण होती हैं। यज्ञाचार्य देवी प्रसाद शास्त्री द्वारा चतुर्थ दिवस वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच मुख्य यजमानों वासुदेव पांडे, लखन गर्ग, प्रमोद खरे, चम्मा पटेल, रामकिशोर गुप्ता, रामजी पांडे द्वारा अग्नि प्रज्वलित की गई। श्रीराम महायज्ञ की 9 फरवरी को पूर्णाहुति एवं 10 फरवरी को कन्याभोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में समिति के रमाकांत पाठक, विधायक प्रणय प्रभात पांडे, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी, रामकिशोर तिवारी, संतोष दुबे, गजेंद्र बक्शी, ललित मिश्रा, विनोद गर्ग, विकाश पांडे, योगेंद्र दुबे, सुरेश मिश्रा, ए.पी. चौबे, मुन्नू चौबे, जनार्दन पांडे, लल्ला विश्वकर्मा सहित श्रीराम महायज्ञ समिति एवं समस्त क्षेत्रवासियों ने धर्मावलंबियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने आग्रह किया है।

नाम परिवर्तन

मैं सुमित कुमार मसीह **(Sumit Kumar Masih)** आयु लग. 36 वर्ष आत्मज स्व. श्री सनी मसीह निवासी नया गांव लखेरा विवेकानंद वार्ड कटनी तहसील व जिला कटनी (म.प्र.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते का स्थायी निवासी हूं। मैं पूर्व में सुमित मसीह **(Sumit Masih)** के नाम से जाना जाता था पर मेरे द्वारा समस्त दस्तावेजों में नाम सुधार कर सुमित कुमार मसीह **(Sumit Kumar Masih)** दर्ज करा लिया गया है। अतः अब मुझे सुमित कुमार मसीह **(Sumit Kumar Masih)** के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

पुराना नाम - सुमित मसीह
नया नाम- सुमित कुमार मसीह
शपथकर्ता
सुमित कुमार मसीह

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी,
मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

Tuesday Offer @99/- Available On All Seats Except Recliners

From 03rd February 2022

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 03 to 09 Feb,2023

Audi-01	Show	Rate
PATHAAN 2D HINDI	1.00.00 PM	120-140-160-250
PATHAAN 2D HINDI	4.00.00 PM	120-140-160-250
PATHAAN 2D HINDI	7.00.00 PM	120-140-160-250
PATHAAN 2D HINDI	10.00.00 PM	150-180-200-300
Audi-02	**Show**	
PATHAAN 2D HINDI	12.00.00 PM	120-140-160-250
PATHAAN 2D HINDI	3.00.00 PM	120-140-160-250
PATHAAN 2D HINDI	6.00.00 PM	120-140-160-250
PATHAAN 2D HINDI	9.00.00 PM	150-180-200-300
Audi-03	**Show**	
PATHAAN 2D HINDI	12.30.00 PM	120-150-150
PATHAAN 2D HINDI	3.30.00 PM	120-150-150
PATHAAN 2D HINDI	6.30.00 PM	120-150-150
PATHAAN 2D HINDI	9.30.00 PM	140-180-180

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Millal MALL
Paytm
book my show

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

संपादकीय

अमेरिका से प्रगाढ़ संबंध वक्त की जरूरत

चीन की तकनीक संचालित विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं की पृष्ठभूमि में भारत व अमेरिका रणनीतिक प्रौद्योगिक साझेदारी व रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के बारे में गंभीर पहल कर रहे हैं। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस से जारी बयान में कहा गया है कि दोनों ही देश आपसी विश्वास से सुरक्षित प्रौद्योगिकी के जरिये पारिस्थितिकी तंत्र के अनुरूप कदम उठा रहे हैं। विश्वास व्यक्त किया गया है कि यह सहयोग दोनों देशों के लोकतांत्रिक मूल्यों व संस्थानों को और मजबूती देगा। बीते सप्ताह वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के बीच क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी यानी आईसीईटी पर हुई पहली बातचीत वक्त की जरूरतों के अनुरूप ही है। भारत और अमेरिका के बीच इस सहयोग की शुरुआत मई, 2022 में टोक्यो में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की घोषणा के बाद की गई है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मौजूदा चुनौतियों के बीच खुफिया, निगरानी व टोही अभियान रक्षा तैयारियों का अभिन्न हिस्सा हैं। जो भारत व अमेरिका के बीच तीन अरब डॉलर के अत्याधुनिक ड्रोन सौदे के शीघ्र मूर्त रूप दिये जाने की आवश्यकता दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि इसके क्रियान्वयन पर पिछले पांच वर्ष से काम चल रहा है। ये ड्रोन वास्तविक नियंत्रण रेखा तथा हिंद महासागर में निगरानी तंत्र को मजबूत करने में सहायक होंगे, खासकर उन इलाकों में जहां चीन अपनी ताकत दिखाता रहा है।उल्लेखनीय है पिछले दिनों अमेरिका के सीमा क्षेत्र में उड़ने वाले चीनी निगरानी गुब्बारे को लेकर खासा विवाद हुआ, जिसे बाद में अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने जमींदोज कर दिया। दरअसल, इसी निगरानी गुब्बारे प्रकरण के विरोध में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपनी बीजिंग यात्रा भी स्थगित कर दी थी। ऐसे साम्राज्यवादी चीन के पड़ोसी होने के कारण भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर किसी तरह की ढिलाई नहीं करनी चाहिए। पिछले दिनों हिंद महासागर व श्रीलंका के तट पर चीन के एक खुफिया समुद्री जहाज को लेकर भी खासा विवाद हुआ था। जिसको लेकर चीन का दावा था कि वह जहाज समुद्री क्षेत्रों में अनुसंधान के कार्य में लगा हुआ है। भारत ने श्रीलंका के बंदरगाह पर इस चीनी पोत के रुकने पर आपत्ति व्यक्त की थी, लेकिन उसके बावजूद श्रीलंका सरकार ने उसे अपने बंदरगाह पर रुकने की अनुमति दे दी थी। जैसे-जैसे युद्ध हाइटैक होते जा रहे हैं, भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टेलीकॉम टेक्नोलॉजी, हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग, जेट इंजन के को-प्रोडक्शन, सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन बनाने और व्यावसायिक स्पेस लॉन्च जैसे क्षेत्रों में अमेरिकी सहयोग बढ़ाने की जरूरत महसूस हो रही है। ऐसा करके भारत साम्राज्यवादी चीन के मंसूबों का दमदार तरीके से प्रतिवाद करने में सक्षम बन पायेगा। इससे भारतीय सेनाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। निःसंदेह, एक बड़ी भू-राजनीतिक चुनौती का मुकाबला अमेरिका व भारत समान रूप से कर रहे हैं।

वैश्विक नेताओं की सूची में नरेंद्र मोदी शीर्ष पर

दुनिया में लोकप्रियता के मामले में प्रधानमंत्री नरेंउ मोदी ने दुनिया के दूसरे दिग्गज नेताओं को पीछे छोड़ दिया है। इन पिछड़ने वाले नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बहुत पीछे हैं। बिजनेसा इंटेलीजेंस कंपनी और मॉर्निंग कंसल्ट के ताजा सर्वे में वैश्विक नेता अनुमोदन सूचकांक में नरेंद्र मोदी ने 22 देशों के शीर्ष नेताओं को पीछे छोड़कर वैश्विक प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंच गए हैं। पहले पायदान पर पहुंचे मोदी ने 78 प्रतिशत समर्थन के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस सूची में मोदी के बाद मैक्सिको के राष्ट्रपति लोपेज ओब्रेडोर है। जिन्हें 68 प्रतिशत रेटिंग मिली है। तीसरे स्थान पर आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज है। जो बाइडेन को 40 प्रतिशत रेटिंग के साथ छठवां स्थान मिला है। ब्रिटेन में चुनावों के दौरान सुर्खियों में रहने वाले ऋषि सुनक 30 प्रतिशत रेटिंग्स के साथ 16वें स्थान पर है। मोदी की लोकप्रियता उन मुस्लिम देशों में बढ़ी है, जिन्हें समझा जा रहा था कि कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद ये देश मोदी के खिलाफ हो जाएंगे। यही नहीं भूख और मंहगाई से तबाह पाकिस्तानी आवाम अब कश्मीर का राग अलापने की बजाय अपने नेताओं से यह सवाल पूछ रही है कि कष्मीर के नाम पर लड़ी गई जंगों में गरीबी, भुखमरी और पिछड़ेपन के अलावा क्या मिला ? इधर कश्मीर में तिरंगा लहराने के साथ नया नारा लगाया जा रहा है 'आर-पार खोल दो, कारगिल को जोड़ दो'। यानी मोदी की लोकप्रियता का परचम चहुंओर है। जी-20 देशों की अध्यक्षता मिलने से इसे चार चांद लगे हैं।

एक के बाद एक ऐशियाई व पश्चिमी देशों की यात्राओं में मिली अप्रत्याशित सफलताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वैश्विक नेता के रूप में उभारकर प्रतिष्ठित कर दिया है। इस परिप्रेक्ष्य में ज्यादातर अप्रूवल रेटिंग एजेंसी के सर्वे में मोदी की हैसियत बढ़ी है। कोरोना महामारी के कारण कई देशों और उनके नागरिकों की आर्थिक स्थिति बद्हाल हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला समृद्ध देश अमेरिका भी इससे अछूता नहीं रहा। महामारी के चलते बड़े पैमाने पर लोगों ने रोजगार गंवाया और इसका असर यह हुआ कि अमेरिका में भूख की समस्या भयावह हो गई। अमेरिका की सबसे बड़ी भूख राहत संस्था 'फीडिंग अमेरिका' की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर-2021 के अंत में पांच करोड़ से ज्यादा लोग खाद्य संकट से जूझ रहे थे। यानी अमेरिका का प्रत्येक छठा व्यक्ति भूखा था। यही नहीं बालकों के मामले में स्थिति का और भी बुरा हाल था, प्रत्येक चौथा बच्चा भूखा रहने को मजबूर हुआ। फीडिंग अमेरिका नेटवर्क ने एक महीने में 54.8 करोड़ आहार के पैकेट बांटे, जिन्हें प्राप्त करने के लिए अमेरिका के उटा में कारों में बैठकर लोग लंबी कतारों में लगे रहे। अमेरिका से आया यह दृश्य अविषवनीय जरूर लगता है, लेकिन हकीकत है। इधर भारत में अनाज का उत्पादन और भंडारण इतना बढ़ता जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 2011-22 में खाद्य मंत्रालय को विदेश मंत्रालय से आग्रह करना पड़ा था कि दुनिया के कुछ ऐसे गरीब देश तलाशों, जिन्हें यह अनाज मुफ्त में बतौर मदद दिया जा सके, वरना इसे फेंकना पड़ेगा। इसीलिए जानी-मानी अंतरराष्ट्रीय मूल्यांकन संस्था डालबर्ग को एक अध्ययन के आधार पर कहना पड़ा था कि 97 प्रतिशत भारतीय मानते हैं कि चंद कमियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में भरोसा है। इसी भरोसे ने देश को विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यस्था के पायदान पर खड़ा कर दिया है।

कोरोना से जब दुनिया में हाहाकार मची हुई थी, तब नरेंद्र मोदी एकाग्रचित्त से भारत ही नहीं दुनिया का कोरोना से मुक्ति के लिए संघर्षरत थे। कोविड-19 की पहली लहर में जब दुनिया उपचार के लिए दवा तय नहीं कर पा रही थी, तब भारत ने हाइड्रोक्सी-क्लोरोक्वीन गोलियां अमेरिका समेत पूरी दुनिया को उपलब्ध कराईं। नतीजतन दुनिया में मोदी की लोकप्रियता में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। इस कालखंड में अमेरिका की एजेंसी मॉर्निंग कंसल्ट ने एक सर्वे किया। इस सर्वे में साफ हुआ कि मोदी की लोकप्रियता निरंतर न केवल बनी हुई है, बल्कि बढ़ी भी है। सर्वे में मोदी की प्रसिद्धी की दर 55 प्रतिशत रही। इसे सभी प्रमुख वैश्विक नेताओं में सबसे अधिक अंक मिले। रेटिंग एजेंसी फिच व एसबीआई ने कोरोना काल में आर्थिक गतिविधियां लंबे समय तक बंद रहने के बावजूद माना की देश के आर्थिक हालात बेहतर हो रहे हैं। बिगड़ी आर्थिक व्यवस्था की चाल को सुधारने के लिए सरकार के स्तर पर अनेक प्रयास हो रहे हैं। नतीजतन आर्थिक समृद्धि भविश्य में बनी रहना तय है। फिच ने माना की सरकार ने श्रम और कृषि में जो कानूनी सुधार किए हैं। उससे बिचौलिए खत्म होंगे और देश खुशहाल होगा। 2014 में जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी, तब भारत की अर्थव्यवस्था बदहाल थी। महंगाई आसमान पर थी और दूरसंचार, कोयला, राष्ट्रमंडल खेल एवं आदर्श सोसायटी के घोटालों के उजागर होने से देश शर्मसार था। विदेशी पूंजी निवेश थम गया था। किंतु धीरे-धीरे संस्थागत सुधारों पर बल देते हुए सरकार ने बद्तर हालातों को पूरी तरह नियंत्रण में ले लिया है। यही वजह है कि पिछले तीन साल में 151 अरब डॉलर का पूंजी निवेश भारत में हुआ है। बीते वित्तीय वर्ष में यह उछाल 36 प्रतिशत रहा है। कर कानूनों में सुधार की दृष्टि से जीएसटी विधेयक पारित कराना क्रांतिकारी पहल रही। धन का लेन-देन पारदर्शी हो, इस नजरिए से डिजिटल आर्थिकी को बढ़ावा देने के लिए नोटबंदी करना साहसिक पहल थी। जनधन और उज्ज्वला जैसी योजनाओं पर तकनीकि अमल से गरीब को वास्तव में लाभ मिला है। नए कानून लाकर जमीन जायदाद के व्यापार और एनपीए पर जिस तरह से शिकंजा कसा है, उससे लगता है, भविष्य में अब रियल स्टेट कारोबार में हेराफेरी और बैंकों से कर्ज लेकर विजय माल्या, नीरव मोदी एवं मेहुल चोकसी की तरह चंपत हो जाने वाले कारोबारियों की मुश्कें कसेंगी। इन उपायों से ऐसा लगता है कि देश का ढांचागत कायांतरण हो रहा है। युवाओं को नए रोजगार सृजित करने की दृष्टि से स्टार्टअप और स्टेंडअप जैसी योजनाएं भी लागू की गईं। गोया, भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलना और देश को रेटिंग एजेंसियों द्वारा सम्मानजनक स्थान देना, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों के बिना संभव नहीं है। इस हेतु नरेंद्र मोदी ने एक के बाद एक बिना रुके, बिना थके ऐशियाई व पश्चिमी देशों की सैंकड़ों यात्राएं कीं। इन यात्राओं में मिली अप्रत्याशित सफलताओं ने प्रधानमंत्री को वैश्विक नेता के रूप में उभार दिया है। द्विपक्षीय रिश्तों में उन्होंने नए प्राण डाले। इन सभी यात्राओं की खास बात यह रही कि हिंदी में भाषण देने के बावजूद राष्ट्रीय ही नहीं, अंतराष्ट्रीय मीडिया में भी मोदी का जादू सिर चढ़कर बोलता रहा है। पिछले कुछ दशकों में ऐसा माहौल भारतीय प्रधानमंत्री तो क्या अन्य किसी देश के मुखिया के विदेशी दौरों में दिखाई नहीं दिया। उनके इस जादू के असर का प्रमुख कारण स्पष्टवादिता, दृढ़ता और वैश्विक आतंकवाद को खत्म करने का कठोर संदेश रहा। मोदी के इसी आचरण के कारण ब्रिट्रेन के प्रधानमंत्री डेविड कैमरेन उनके प्रशंसकों की सूची में शामिल हो गए हैं। अपने पक्ष में मिले इस विश्वव्यापी समर्थन को देखते हुए ही, मोदी ने फिजी में कहा भी था कि 'भारत विश्व गुरु की भूमिका निभाएगा और अपनी ज्ञानशक्ति से विश्व का नेतृत्व करेगा।' दरअसल भविष्य का राजनीतिक नेतृत्व ज्ञान आधारित नेतृत्व पर ही टिका होगा, यह संभावना अमेरिका और ब्रिटेन भी जता चुके हैं। राष्ट्राध्यक्षों की विदेश यात्राओं के दौरान यह घटना विलक्षण ही होती है कि कोई मेजबान देश अतिथि प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति को अपने देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था संसद में बोलने का अवसर दे ? लेकिन मोदी ने नेपाल, भूटान और फिजी की संसदों को तो संबोधित किया ही, विकसित देश आस्ट्रेलिया की संसद को संबोधित करने का मौका मिला है। इस तरह किसी पश्चिमी देश की संसद को संबोधित करने वाले मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। मोदी की चतुरता प्रवासी भारतीयों को लुभाने में भी पेश आती रही है। इससे पहले देश का कोई प्रधानमंत्री अपने ही रक्त संबंधियों की भावनाओं को इस तरह सम्मोहित नहीं कर पाया ? आस्ट्रेलिया में 28 साल बाद तो फिजी में 33 साल बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री अपने रक्त-संबंधियों से दुख-दर्द बांटने पहुंचा था। मोदी के पहले राजीव गांधी और इसके पहले इंदिरा गांधी फिजी गए थे। फिजी में 40 प्रतिशत भारतीय मूल के लोगों की आबादी है। इनमें से ज्यादातर ब्रिटिश शासनकाल 1879 से 1916 के बीच गिरमिटिया मजदूरों के रूप में ले जाए गए थे। फिजी की 83 फीसदी अर्थव्यवस्था वन संपदा, मछली और पर्यटन उद्योग पर टिकी है। लेकिन विडंबना है कि इस उद्योग के बड़े भाग पर वर्चस्व महज दो फीसदी गोरी आबादी का है। बावजूद फिजी की राजनीति में भारतवंशियों का दबदबा कायम है। 1997 में फिजी में जब लोकतांत्रिक सरकार का गठन हुआ तो उसके प्रधानमंत्री भारतवंशी महेंन्द्र सिंह चौधरी बने। फिजी में भारतीयों की अब राजनीति के साथ-साथ आर्थिक हैसियत भी बढ़ रही है। इसीलिए मोदी को फिजी की संसद को संबोधित करने का अवसर मिला था। फिजी भारत के निकटता अपनी ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विरासत और हिंदी के कारण है। वहां हिंदी खूब पढ़ी व बोली जाती है। फिजी विश्व हिंदी सम्मेलन भी आयोजित कर चुका है। इंदिरा गांधी ने भी फिजीवासियों के इस मर्म को समझा था। इस कारण वे भी फिजी गई थीं और उन्होंने द्विपक्षीय वार्ता में फिजी को महत्व दिया था। मोदी ने फिजी सरकार से कृषि व दुग्ध उद्योग के क्षेत्र में बढ़ावे का करार किया था। फिजी को डिजीटल क्षेत्र में भारत मदद कर रहा है।

प्रमोद भार्गव

वंचितों के विकास का बने पुख्ता रोडमैप

जब भारत आजाद हुआ तो उस समय हमारे लोकतंत्र का मुख्य लक्ष्य था प्रजातांत्रिक समाजवाद की स्थापना अर्थात गरीब और अमीर में भेद न रहे। एक जैसा व्यवहार और स्थान समाज में सबको मिले। लेकिन 75 वर्ष की आजादी के बाद अब असमता का आलम यह है कि देश में 70 करोड़ लोगों से ज्यादा पैसा सिर्फ 21 अरबपतियों के पास है। सोचने की बात है जब कर चुकाने की बारी आती है तो आम आदमी पर ही कर का अधिक बोझ क्यों पड़ता है? आधे से अधिक जीएसटी और लगभग तीन-चौथाई आयकर छोटे दुकानदार, आम आदमी और नौकरीपेशा लोग ही चुकाते क्यों नजर आते हैं? आज वंचितों का हितचिंतन होने लगा है। होना ही चाहिए उस देश में जहां कुल आबादी का एक फीसदी देश की सम्पदा के 40 प्रतिशत से अधिक पर कब्जा किए बैठा है। एक ओर हम समतावादी नारे लगाते नहीं थकते और दूसरी ओर देश में गरीब और अमीर के बीच अंतर तेजी से बढ़ रहा है। साल 2020 में भारत में अरबपतियों की संख्या 102 थी जो 2022 में बढ़कर 166 हो गई। उधर पिछले साल जीएसटी का लगभग 64 प्रतिशत हिस्सा 50 प्रतिशत आबादी ने चुकाया और सबसे अमीर दस फीसदी लोगों ने जीएसटी का सिर्फ 3 प्रतिशत हिस्सा चुकाया।

संसद का बजट सत्र चालू हो गया। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण देश के विकास पथ पर अग्रसर होने का सामंजस्य महंगाई नियंत्रण से बिठा रही हैं। अगर धनी वर्ग अपने टैक्स का उचित हिस्सा नहीं चुकाते हैं। धनकुबेरों की सम्पदा एक साल में कम से कम 46 प्रतिशत बढ़ जाती है और भूख से त्रस्त भारतीयों की संख्या 4 साल में बढ़कर 19 करोड़ से 35 करोड़ हो जाती है। वहीं देश की महिला कर्मचारियों को पुरुषों के मुकाबले 1 रुपये की तुलना में 63 पैसे मिलते हैं तो ऐसे में देश में समतावाद का माहौल हमारे बजट कब लाएंगे? हाल ही में राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंचितों को वरीयता देने की घोषणा की। वहीं दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले 8-9 साल में उनकी सरकार के तत्वावधान में मध्य वर्ग की हालत में बहुत सुधार हुआ। विडंबना है कि मध्य वर्ग को खुद ही इसका पता नहीं कि उसकी हालत में क्या सुधार हुआ?

केन्द्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्री पशुपति नाथ पारस बोले कि एफपीओ योजनाओं के चलते किसानों की आय दोगुनी हो गई है। बेशक ऐसे आंकड़े शाब्दिक रूप से तो भारत के लिए एक उजले वर्तमान और एक चमकते भविष्य का संकेत दे देते हैं लेकिन जहां दस प्रतिशत धनियों के पास ही देश की 90 प्रतिशत सम्पदा हो, उसके नागरिकों को इन आंकड़ों से कितना बहलाया जा सकता है। जबकि आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, हमारी विकास दर 6.5 प्रतिशत है लेकिन वह निरंतर धीमी हो रही है। देखने वाली बात है कि यह विकास और सम्पदा की वृद्धि किन लोगों के पास इकट्ठी हो रही है। चुनौतियों से निपटने के लिए विश्वस्तर पर और भारत के कृषि और उद्योग दोनों क्षेत्रों में समन्वय समितियां बनाने पर बल तो दिया जा रहा है लेकिन आज भी देश में दो एकड़ तक खेती करने वाले छोटे किसानों का बाहुल्य है और वे कर्ज बोझ से दबे हैं। वंचितों को वरीयता की बात हम अवश्य करें लेकिन क्या उसके लिए अनुकम्पाएं और रियायतें बढ़ाने के अतिरिक्त कोई और रोडमैप नहीं? बेकारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से इस देश का जितना आम आदमी तंग हुआ है, उतना उसका स्पर्श शायद ऊंचे प्रासादों तक नहीं जाता। बेकारी दूर करने के लिए मनरेगा शुरू किया गया था। आज मांग हो रही है कि कम से कम उसमें वंचित परिवार के एक सदस्य को सौ दिन का रोजगार तो मिले। वहीं बजट में भी मनरेगा के लिए आवंटित धनराशि कम हो रही है। रोजगार देने की गारंटी की कोई योजना सामने नहीं आती। आंकड़ों के मुताबिक, देश में आत्महत्या करने वालों की संख्या बढ़ी है और इनमें छोटे किसान, बेकार मजदूर और भटके हुए नौजवानों की संख्या बढ़ रही है। सरकार तो कहती है कि हमने किसानों को कृषि क्रांति की सौगात देने का प्रण कर लिया है। फसल विविधीकरण, मोटे अनाज का उत्पादन व खेती का मशीनीकरण तेजी से किया जाएगा। मध्य वर्ग के लिए भी कहा जा रहा है कि हम नयी शिक्षा नीति ले आए। शिक्षा संस्थानों की संख्या भी बढ़ गई।

-सुरेश सेठ

आपका राशिफल 08 फरवरी

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक-4-7-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-5-6

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-6-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8

फिल्म वर्ग पहेली- 6070



ऊपर से नीचे:-

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्का की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'थोड़े थोड़े आजा मेरे' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख की फिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे खवाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लकी अली, गौरी कार्तिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. मनोजकुमार, हेमा की 'वाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली मसीक हीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एकांत फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी गली पहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेरॉय, टीना मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6069

Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नहीं बल्कि कई समस्याएं दूर करेगा किशमिश का पानी

ड्राई फ्रूट्स भी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। यह शरीर को कई तरह के पोषक तत्व देते हैं। किशमिश भी सूखे मेवों में से एक मानी जाती है। इसका सेवन कई अलग-अलग तरीकों के सात किया जा सकता है। कुछ लोग इसे भिगोकर खाते हैं, कुछ ऐसे ही इसका सेवन करते हैं। लेकिन बहुत से कम लोग जानते हैं कि किशमिश का पानी भी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। यह शरीर को कई सारे पोषण देता है। तो चलिए जानते हैं कि इसका सेवन आप कैसे कर सकते हैं...

ऐसे बनाएं किशमिश का पानी

किशमिश का पानी बनाने के लिए आप सबसे पहले 2 कप पानी उबाल लें। इसके बाद इसमें 150 ग्राम किशमिश डालकर गैस बंद कर दें। रातभर इस पानी को ऐसे ही रहने दें और अगली सुबह आप इसका सेवन कर सकते हैं। यदि आप दिन में किशमिश का पानी तैयार कर रहे हैं तो इसे 5-6 घंटे के लिए रहने दें और फिर ही इसका सेवन करें।

किशमिश का पानी पीने के फायदे

एसिडिटी होगी दूर

किशमिश का पानी पेट की समस्याओं के लिए भी बहुत ही लाभदायक माना जाता है। यह पेट संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है, यदि आपको एसिडिटी की समस्या है तो आप इसका सेवन अवश्य करें। इसमें पाए जाने वाले एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पेट में से बैक्टीरिया दूर करने में सहायता करते हैं।

इम्यूनिटी बढ़ाए

किशमिश के पानी में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं। इसका पानी आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी की इम्यूनिटी को मजबूत करने में सहायता करता है।

शरीर से निकाले टॉक्सिन पदार्थ

इस पानी का सेवन करने से शरीर में से टॉक्सिन पदार्थ बाहर निकलते हैं। आप अपनी बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए इस ड्रिंक का सेवन हफ्ते में एक बार कर सकते हैं। यह स्वास्थ्य के साथ-साथ त्वचा के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होती है।

अनिद्रा करे दूर

तनाव भरी जिंदगी में बहुत से व्यक्तियों को नींद भी अच्छे से नहीं आ पाती। यदि आपको भी ऐसी कोई समस्या है तो आप किशमिश के पानी का सेवन कर सकते हैं। इसमें पाया जाने वाला मेलाटोनिन अच्छी नींद के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।किशमिश का पानी आपके शरीर में से एक्सट्रा कैलोरी और फैट को पिघलाने में भी मदद करता है। इसमें पाया जाने वाला नैचुरल शुगर

आलोट खाद लूट कांड के फरियादी वेयर हाउस मैनेजर ने लगाई फांसी

रतलाम एजेंसी। चर्चित खाद लूट कांड में विधायक मनोज चावला व अन्य के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने वाला फरियादी मध्य प्रदेश विपणन संघ का गोदाम संचालक भगतराम यदु अपने आफिस में फांसी पर लटका मिला। उसके फांसी के फंदे पर लटकने का कारण पता नहीं चला है। पुलिस अधिकारी मौके पर जांच कर रहे हैं। जांच के बाद ही कारण पता चल पाएगा।

उल्लेखनीय है कि 10 नवम्बर 2022 को सर्वर की समस्या होने से किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल पाया था। कई किसान गोदाम पर कतार लगाकर खाद मिलने के इंतजार में खड़े थे। जानकारी मिलने पर विधायक मनोज चावला, कांग्रेस नेता योगेंद्र सिंह जादोन आदि गोदाम पहुंचे थे। विधायक व गोदाम कर्मचारियों के बीच खाद वितरण को लेकर बहस हुई थी। आरोप है कि विधायक ने किसानों से खाद ले जाने का कहा था। कई किसान खाद की बोरियां ले जाने लगे थे। पुलिस ने पहुंच कर स्थिति संभाली थी। कुछ समय बाद स्टाक मिलाने पर 28 बोरियां कम पाई गई थी। इसे लेकर गोदाम संचालक 53 वर्षीय भगतराम यदु ने विधायक व अन्य के खिलाफ खाद लूट की एफआईआर कराई थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उसी दिन कांग्रेस नेता जादोन को गिरफ्तार कर लिया था। दो माह बाद विधायक ने इंदौर न्यायालय में सरेंडर किया था। वहीं दी अन्य आरोपितों को पुलिस ने कुछ दिन पहले ही गिरफ्तार किया है। चारों आरोपित जेल में हैं।

गोदाम संचालक भगतराम सोमवार को ड्यूटी गया था, लेकिन रात में घर नहीं पहुंचा। मंगलवार सुबह पत्नी तलाश करते हुए उनके आफिस पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से अंदर झांका तो भगतराम फंदे पर लटका दिखा। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और दरवाजा खोलकर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया। पुलिस अधिकारी घटनास्थल की जांच कर रहे हैं। प्राथमिक तौर पर उसके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

अरुण यादव को मिला पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह का साथ

बोले-कांग्रेस में पहले मुख्यमंत्री घोषित करने की परंपरा नहीं

भोपाल , यश भारत। कांग्रेस में चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के लिए चेहरा तय नहीं होता है। चुनाव के बाद विधायक दल नेता चुनता है। यही परंपरा रही है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव की इस बात का समर्थन पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने भी किया है। उन्होंने सोमवार को भोपाल में मीडिया से चर्चा में कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। कोई ऐसा कहता भी नहीं है कि भावी मुख्यमंत्री हूं।

प्रदेश में कमल नाथ को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बताते हुए भावी मुख्यमंत्री के होर्डिंग्स समर्थकों ने कई स्थानों पर लगाए थे। इसको लेकर पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा था कि पार्टी में मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की परंपरा नहीं है। चुनाव के बाद विधायक दल की बैठक होती है और वरिष्ठ नेता विचार-विमर्श कर निर्णय लेते हैं।यही बात विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने भी दोहराई। जब उनसे कमल नाथ द्वारा ग्वालियर में स्वयं को मुख्यमंत्री पद का चेहरा या दौड़ में न होने संबंधी बयान पर प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। कोई ऐसा कहता भी नहीं है कि भावी मुख्यमंत्री हूं। मैं तो यही कह सकता हूं कि भावी विधायक बनना चाहता हूं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री से प्रतिदिन वचन पत्र को लेकर प्रश्न पूछने पर उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के नेताओं को मालूम है कि 15 माह में जो होना था, वो हो चुका है। क्या भाजपा के घोषणा पत्र में खरीद-फरोख्त कर सरकार गिराने का उल्लेख था, इसका उत्तर दिया जाना चाहिए। भाजपा ने जनादेश का जो निरादर किया है, उसका जवाब जनता 2023 के चुनाव में देगी। सरकार की विकास यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 18 साल बाद जनता की याद आई है। आज युवा, किसान, महिला, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग सहित सभी परेशान है

शराब दुकान के बाजू से बंद कराई दूध की बिक्री

बेतुके जवाब देकर कार्रवाई को सही ठहराने में जुटे

भोपाल, यश भारत। यदि आबकारी विभाग के अधिकारी कहे कि शराब की बिक्री के लिए लाइसेंस लेना जरूरी है, तब तो ठीक है, क्योंकि इसके अधिक सेवन से सेहत बिगड़ती है। घरों में विवाद भी करा देती है और कई बार इसका अधिक सेवन दुर्घटनाओं का कारण बन जाता है। मौत तक हो जाती है। लेकिन यही अधिकारी कहें कि सेहत बनाने वाले दूध की बिक्री के लिए भी लाइसेंस जरूरी है तो बात खटकती है और फिर कई सवाल खड़े होते हैं। आबकारी विभाग के अधिकारियों को ऐसे ही कई सवालों ने कटघरे में खड़ा कर दिया है। दूध की दुकान बंद कराने वाले अधिकारी बेतुके जवाब देकर कार्रवाई को सही ठहराने में जुट गए हैं। बार-बार बयान बदल रहे हैं।आबकारी विभाग के एक अधिकारी कहते हैं कि कार्रवाई नही की तो दूसरे अधिकारी कहते हैं कि कार्रवाई की, क्योंकि शराब की दुकान से शराब ही बेच सकते हैं, दुकान अंदर से या नजदीक में दूध का ठेला नहीं खोल सकते हैं, लेकिन ठेकेदार ऐसा कर रहे थे इसलिए कार्रवाई करनी पड़ी।

बिजली के खंभे से गिरकर इलेक्ट्रीशियन की मौत

दरअसल जहांगीराबाद शराब दुकान के नजदीक शराब ठेकेदार संतोक सिंह ने दूध बेचने के लिए एक ठेला लगाया था, उस पर बैनर भी लगा दिया और संदेश दिया कि शराब सेहत के लिए हानिकारक है इसलिए दूध का सेवन करें। आबकारी का अमला यहां शनिवार शाम को यहां लाव-लश्कर के साथ पहुंचा और दूध की दुकान बंद करा दी। इसके पहले नर्मदापुरम रोड पर सावरकर सेतु के पास एक शराब ठेकेदार ने शराब दुकान से ही दूध की बिक्री शुरू की थी, बकायदा बैनर-पोस्टर लगाए थे।

रतलाम में ऑटो पार्ट्स की तीन मंजिला दुकान में लगी भीषण आग

रतलाम ,एजेंसी। सैलाना रोड पर विधायक सभाग्रह के पास स्थित महाशक्ति ऑटो पार्ट्स दुकान की है। रात को दुकान बंद थी कि अचानक से उसमें आग लगी और आग की लपटें बाहर तक नजर आने लगीं। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया और नीचे से ऊपर तीन मंजिल तक फैल गईं। रतलाम शहर के सैलाना रोड स्थित एक ऑटो पार्ट्स की तीन मंजिला दुकान में सोमवार रात भीषण आग लग गई। आग से दुकान में रखा सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सकीं। दुकान में आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। ऐसा माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी।जानकारी के अनुसार घटना सैलाना रोड पर विधायक सभाग्रह के पास स्थित महाशक्ति ऑटो पार्ट्स दुकान की है। रात को दुकान बंद थी कि अचानक से उसमें आग लगी और आग की लपटें बाहर तक नजर आने लगीं।

उज्जैन में शिप्रा तट पर प्रज्जवलित किए जाएंगे 18 लाख दीपक

उज्जैन, यश भारत । इस महाशिवरात्रि (18 फरवरी) पर मोक्षदायिनी शिप्रा नदी किनारे 21 की बजाय 18 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। 15 लाख दीप एक साथ प्रज्जवलित करने का विश्व रिकार्ड बनाया जाएगा। कार्यक्रम शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव नाम से होगा, जो पूरी तरह जीरो वेस्ट होगा। इसका मतलब है कि खाली तेल की बोतलों का उपयोग गमले, कुर्सियां बनाने में, जली हुई रूई की बत्तियों का इस्तेमाल रैन बसेरों के लिए गादी बनाने में किया जाएगा। खाने-पीने के लिए केवल जैव निम्नकरणीय प्लेटों का उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह सहित कई जानी-मानी हस्तियों के शामिल होने की खबर है। शिव ज्योति अर्पण कार्यक्रम

तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने कार्यक्रम में समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों को जोड़ने, आवश्यक अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश स्मार्ट सिटी कंपनी के सीईओ आशीष पाठक और एडीएम संतोष टैगोर को दिए। आशीष पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस साल महाशिवरात्रि पर 18 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर शिव ज्योति अर्पण कार्यक्रम किया जाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से शहर पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित होगा।

रिकार्ड बनाने की बात कही थी

शहरी लोगों के व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। अर्थ व्यवस्था बेहतर होगी। रामघाट के अलावा सार्वजनिक स्थलों, घर-घर में शहर के सभी मंदिरों, प्रतिष्ठानों में भी दीप प्रज्ज्वलित होंगे। विद्युत की साज-सज्जा की जाएगी। मालूम हो कि पिछले महीने तक शिप्रा किनारे 21 लाख दीप प्रज्जवलित कर विश्व रिकार्ड बनाने की बात कही गई थी। इसी हिसाब से तेल, दीप, बाती आदि खरीदी के लिए निविदा भी निकाली गई थी।

सात साल की मासूम के हत्यारे को फांसी की सजा

120 दिनों में कोर्ट ने दिया न्याय

इंदौर , यश भारत। सात वर्ष की मासूम की चाकुओं से गोदकर हत्या करने वाले सद्दाम को विशेष न्यायालय ने फांसी की सजा सुनाई है। 23 सितंबर को आजाद नगर क्षेत्र में अपने घर के बाहर खेल रही मायरा उर्फ माहेनूर को आरोपित सद्दाम जबरदस्ती उठाकर खुद के घर ले गया था। घर के भीतर चाकुओं के 15 वार कर मासूम की जान ले ली थी। बमुश्किल 120 दिन में कोर्ट ने मामले में सुनवाई पूरी कर सद्दाम को दोषी करार दिया।कोर्ट ने कहा कि बच्चों के साथ नृशंसता करने वाले ऐसे अपराधी समाज के लिए सदैव खतरा बने रहेंगे। अपराधी को मौत की सजा सुनाई जाती है।

हत्यारे ने बचाव में खुद के मानसिक रोगी होने की दलील कोर्ट में पेश की थी। हालांकि, कोर्ट ने परीक्षण में उसे खारिज कर दिया।

23 गवाह भी सद्दाम के खिलाफ कोर्ट के सामने आए। इस फैसले पर मुख?यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया है। उन?होंने लि?खा कि इंदौर के आजाद नगर थाना अंतर्गत एक बालिका के विरुद्ध घटित अपराध में माननीय न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास एवं फांसी की दोहरी सजा से बच्ची के परिवार को न्याय मिला है। मैं इस फैसले का स्वागत करता हूं।

खेत पर पानी देने गए युवक की कुएं में डूबने से मौत

भोपाल यशभारत। राजधानी के ईटखेड़ी थाना क्षेत्र में स्थित गांव रासलाखेड़ी में शनिवार सुबह एक युवक की लाश कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। युवक शुक्रवार शाम खेत पर पानी लगाने का कहकर निकला था। रातभर जब वह घर नहीं लौटा तो सुबह स्वजन उसकी तलाश में खेत पर पहुंचे। वहां उसका शव कुएं में नजर आया। ईटखेड़ी थाना पुलिस के मुताबिक 22 वर्षीय अरविंद पुत्र वीरेंद्र राजपूत ग्राम रासलाखेड़ी में रहता था। गांव में उसका मकान है और मकान से कुछ दूरी पर खेत है। शुक्रवार शाम को अरविंद खेत में सिंचाई करने का कहकर निकला था। शनिवार सुबह तक जब वह घर नहीं लौटा तो स्वजन ने उसे फोन लगाया। फोन पर संपर्क नहीं होने पर वे लोग खेत पर पहुंचे और उसकी तलाश की। इस दौरान खेत में बने बिना मुंडेर के कुएं में अरविंद का शव पड़ा हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मध्य प्रदेश में ठंड से दिन में राहत पर रात में ठंडक बरकरार

भोपाल , यश भारत। मध्य प्रदेश में ठंड से दिन में तो राहत मिली है, पर रातें सर्द बनी हुई हैं। प्रदेश में सोमवार को आठ जिलों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान उमरिया में 8.9 डिग्री रहा है।इस बीच प्रदेश के अधिकतर शहरों में दिन और रात के तापमान के बीच 18 से 23 डिग्री सेल्सियस का अंतर बना हुआ है, इसके असर से दिन में गर्माहट तो रात में ठंड का एहसास हो रहा है।

मौसम विभाग के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि अगले दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। इसके बाद ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी, लेकिन नौ व दस फरवरी से फिर कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होगा।

मौसम विज्ञानियों की मानें तो फरवरी में ठंड में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद उत्तर से सीधी सर्द हवाएं आ रही हैं। वातावरण में नमी भी कम हो गई।

दूसरी ओर आसमान में बादल भी नहीं हैं। दोपहर में तेज हवा भी नहीं चल रही है। इसके असर से आसमान साफ है और चटक धूप चुभ रही है। वहीं, दिन ढलते ही सर्द हवाओं के असर से रात में ठंड बढ़ जाती है।

प्रदेश के ज्यादातर शहरों में दिन में पारे में बढ़ोतरी हुई है। राजगढ़ में सोमवार को दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। खंडवा, खरगोन, रतलाम, दमोह, खजुराहो, मंडला, नौगांव, सागर, सतना, सीधी, धार, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम और उमरिया में तापमान 30 डिग्री के पार हो गया है। मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि फरवरी में अभी दिन का तापमान और बढ़ेगा।रात में ठंड की बात करें तो प्रदेश के आठ शहरों बैतूल, पचमढ़ी, रायसेन, छिंदवाड़ा, मंडला, रीवा, उमरिया व बालाघाट में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम ही चल रहा है।

बाइक सवार मनचले ने छात्रा के साथ की छेड़खानी

भोपाल, ईएमएस। पिपलानी खजूरी कला इलाके में बाइक सवार मनचले ने छात्रा का पीछा कर उसके साथ छेड़खानी कर दी। बाद में पीडिता ने थाने आकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से उसकी तलाश में लगी है।पिपलानी टीआइ अजय नायर के मुताबिक इलाके में रहने वाली 20 वर्षीय युवती बीकाम की छात्रा है। वह शनिवार को शाम अपने घर से काम से निकली थी, उसी समय एक मनचला उसके पीछा करने लगा।उसने उसे रोका तो वह नहीं माना और लगतार उसका पीछा कर उसे परेशान करने लगा। बाद में युवती ने घर पर पहुंचकर पूरा घटनाक्रम स्वजनों को बताया। रविवार को थाने पहुंचकर शिकायत की, पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक पर प्राथमिकी कर ली है।

पीएससी ने राज्यसेवा परीक्षा-2020 का परिणाम घोषित किए

भोपाल, यशभारत। मप्र लोकसेवा आयोग (पीएससी) ने रविवार को राज्यसेवा मुख्य परीक्षा 2020 का परीणाम जारी किया। परिणाम रात के समय जारी हुआ। पीएससी ने अप्रैल 2022 में कुल 260 पदों के लिए मुख्य परीक्षा आयोजित की थी। ओबीसी आरक्षण पर न्यायालय से अंतिम निर्णय नहीं आने के चलते पीएससी ने लंबे समय तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं किए।

अब तीन भागों में परिणाम जारी किए गए

मुख्य सूची में पीएससी ने 698 अभ्यर्थियों को शामिल किया और अगले दौर के लिए उन्हें चयनित किया है। इसके अलावा 13-13 प्रतिशत की दो प्रावधित चयन सूचियों में कुल 265 अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है। इसमें से अनारक्षित वर्ग की प्रावधिक सूची में 139 और ओबीसी की प्रावधिक सूची में 126 अभ्यर्थियों को लिया गया है। मुख्य सूची और दोनों प्रावधिक सूची में तय पदों के मुकाबले पीएससी ने तीन गुना उम्मीदवारों को रखा गया है। जो इंटरव्यू के अगले दौर में शामिल होंगे, लेकिन उसकी तिथि अभी घोषित होना बाकी है।

लंबे समय से अटक रही थी प्रक्रिया

पीएससी ने कुल 260 पदों के लिए राज्यसेवा 2020 घोषित की थी। प्रदेश में लागू ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका पर सुनवाई के बाद निर्णय अभी तक नहीं आ सका है। ऐसे में परिणाम की प्रक्रिया लंबे समय से अटक रही थी।

तीन हिस्सों में बांटा रिजल्ट

पीएससी ने 260 पदों के लिए राज्यसेवा 2020 घोषित की थी। आरक्षण को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग की चिट्ठी मिलने के बाद पीएससी ने रिजल्ट को तीन हिस्सों में बांट दिया। 87 प्रतिशत पदों के लिए मुख्य चयन सूची घोषित की जा रही है।मुख्य चयन सूची में 14 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू किया जाता है। शेष 13-13 प्रतिशत पदों के मुकाबले दो प्रावधिक चयन सूचियां बनाई जाती है। इनमें एक सूची अनारक्षित वर्ग की उम्मीदवारों की और दूसरी ओबीसी वर्ग की होती है।पीएससी का कहना है कि यदि कोर्ट का अंतिम निर्णय ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण के पक्ष में होता है तो वह 13 प्रतिशत ओबीसी की चयन सूची के उम्मीदवारों को चयनित घोषित कर देगा।

साढ़े चार करोड़ रुपये खर्च, तब भी रात में बंद और दिन में चालू रहती हैं 15 प्रतिशत स्ट्रीट लाइट्स

भोपाल, यश भारत। देश की स्वच्छ शहरों में शुमार है भोपाल। तब भी यहां 140 से अधिक क्षेत्रों में अंधेरा रहता है क्योंकि स्ट्रीट लाइट चालू करने और कराने वाले जिम्मेदार भूल जाते हैं या जानते हुए भी चालू नहीं करते, चाहे इसके पीछे जो भी मंशा हो। इसका फायदा बदमाश उठाते हैं। नुकसान आम नागरिकों को होता है।

रात को घर पहुंचने में दिक्कत होती है और काम पड़ जाए तो बाहर निकलने में संकोच करते हैं। कई बार तो हादसों का शिकार हो जाते हैं। कुछ नहीं तो सड़क पर बैठे मवेशियों से जाकर भिड़ जाते हैं। यह बात तो अंधेरे की हुई। कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां दिन के उजाले में स्ट्रीट लाइट जला दी जाती हैं या जलाई गई को बंद करना ही भूल जाते हैं। एक दिन नहीं, रोज ऐसा हो रहा है।

नुकसान भोपालियों को हो रहा है। तब भी जिम्मेदार अधिकारियों को असर तक नहीं पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि निगम स्ट्रीट लाइट के खर्चे में कोई कटौती कर रहा है, बल्कि पांच वर्ष में 4.52 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। यह राशि रख-रखाव के नाम पर खर्च की गई है। इससे अलग महीने में सात करोड़ रुपये बिल भरा जा रहा है। तब भी निगम के जिम्मेदार स्ट्रीट लाइट स्वत- बंद व चालू करने के लिए उपयोग में लाया जाने वाला सिस्टम नहीं अपना रहे हैं, जबकि कुछ शहर ऐसे हैं जो इस सिस्टम का उपयोग कर बिजली बिल तो बचाते ही हैं, नागरिकों को भी अंधेर में नहीं रहने देते।

पीएचई के लिए गले की फांस बनी पानी की टंकी

कलेक्टर ने टीम गठित कर दिए जांच के निर्देश, न्यायालय में भी टंकी निर्माण को मिली है चुनौती

कटनी, यशभारत। बीते 2 फरवरी को विजयराघवगढ़ से कैमोर जाते हुए ग्राम देवरी मझगवां में कलेक्टर अवि प्रसाद ने 40 फुट ऊंची जिस पानी की टंकी का सीढ़ियों से ऊपर चढ़कर निरीक्षण किया था उसके निर्माण में गुणवत्ता का पालन नहीं किया गया। निरीक्षण के बाद अब कलेक्टर द्वारा जलजीवन मिशन के तहत तैयार की गई उक्त पानी की टंकी की तकनीकी जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही जांच के लिए 3 अधिकारियों का दल गठित कर 3 दिन के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने दो फरवरी को विजयराघवगढ़ विकासखण्ड के भ्रमण के दौरान ग्राम देवरी मझगवां में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी का भौतिक निरीक्षण किया था। इस दौरान प्रथम दृष्टया टंकी में निम्न गुणवत्ता की सामग्री के उपयोग और सीढ़ियों में दरारें और कंपन पाया गया। साथ ही टंकी की सीढ़ियों और भूतल में दरारों को छिपाने के लिए बिना कार्य पूर्ण हुए चूने से पुताई की गई थी। इस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने तत्काल उसी समय निर्माण एजेंसी को फटकार लगाते हुए गहन नाराजगी व्यक्त की थी। जांच दल में संभागीय परियोजना यंत्री परियोजना क्रियान्वयन ईकाई लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन और कार्यपालन यंत्री ग्रामीण सेवा को शामिल कर तीन दिन में वस्तुस्थिति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कलेक्टर श्री प्रसाद ने निर्देशित किया है।

गाइड लाइन के अनुसार नहीं हुआ निर्माण

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत देवरी मझगवां द्वारा जिस भूमि पर 40 फुट ऊंची पेयजल टंकी का निर्माण किया गया है। उक्त भूमि राजस्व रिकार्ड में चरनोई मद में दर्ज है। बिना मद परिवर्तन के ही इस भूमि पर टंकी का निर्माण करा दिया गया है। बताया गया कि निजी भूमि से मात्र 5 फुट की दूरी पर टंकी का निर्माण कराया गया है। जानकारों के अनुसार इससे पीएचई द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन भी टंकी निर्माण में नहीं किया गया। गाइडलाइन के अनुसार जिस स्थान पर ओव्हर हैड टंकी का निर्माण किया जाता है। वहां टंकी जितनी ऊंचाई की जमीन आसपास खाली रखी जाती है, जबकि यहां निजी भूमि से सटकर टंकी का निर्माण कराया गया है। टंकी निर्माण को लेकर निजी भूमि स्वामी द्वारा पूर्व में हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट द्वारा इस संबंध में याचिकाकर्ता को व्यवहार न्यायालय जाने की सलाह दी गई थी। फिलहाल यह मामला विजयराघवगढ़ व्यवहार न्यायालय में लंबित है। न्यायालय द्वारा कलेक्टर समेत एसडीओ, ईई, एवं पंचायत सचिव को भी नोटिस जारी किया जा चुका है।

मेहड़ दरबार में सद्गुरू बाबा थांवरदास का बरसी महोत्सव

विविध आयोजनों एवं भंडारे के साथ समापन 16 फरवरी को

कटनी, यशभरत। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री मेहड़ दरबार शांतिनगर में सद्गुरू बाबा थांवर दास साहब का बर्सी महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय गत दिवस दरबार की दादी साहिब नानकी देवी एवं भाई नारायण दास के मार्गदर्शन में दरबार के सेवकों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में लिया गया। समाजसेवी वरंद चांदवानी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बरर्सी महोत्सव का शुभारंभ 7 फरवरी से होकर 16 फरवरी तक चलेगा। 7 फरवरी से 13 फरवरी तक प्रतिदिन श्री मेहड़दरबार में सुखमनी साहब के पाठ होंगे। 14 फरवरी मंगलवार को प्रातः 8 बजे से श्री गुरूग्रंथ साहब की भव्य शोभायात्रा दरबार से निकलेगी एवं शांतिनगर भ्रमण के पश्चात 11 बजे मंगल आत्म भवन में श्री गुरूग्रंथ साहब के अंखड पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। 15 फरवरी बुधवार को प्रातः 10 बजे से हवन एवं दोपहर 12 बजे से बच्चों के जनेऊ संस्कार होंगे। सायंकाल 5 बजे सिंधी लाड़ा हर्ष गीत गाए जाएंगे। बालिक-बालिकाओं द्वारा भागवत लीलाओं पर प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि 10 बजे बाहर से आए संत महात्माओं के संत्सग भजन एवं कीर्तन होंगे। 16 फरवरी गुरूवार को प्रातः 9 बजे समाधि स्थल पर पूजन के पश्चात 11 बजे से आम भंडारा आयोजित किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से श्री गुरूग्रंथ साहब के अखंड पाठ को भोग पड़ेगा। इसी दिन रात्रि 9 बजे से सत्संग भजन कीर्तन के पश्चात पल्लव समारोह आयोजित होगा। बाबा थांवरदास सेवा मंडल के सेवादारों ने सभी धर्मप्रेमियों एवं सामाजिक बंधुओं से बर्सी महोत्सव में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

हरी झंडी दिखाकर विकास यात्रा रथ को किया रवाना

कटनी, यशभारत। संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में कलेक्टर अवि प्रसाद ने बड़वारा के शासकीय माध्यमिक शाला मझगवां से आयोजित विकास यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत सहित भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, सांसद प्रतिनिधि शहडोल पद्मेश गौतम, सांसद प्रतिनिधि कटनी खजुराहो विकास द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीला बाई सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती उर्मिला सिंह सरपंच सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं और स्कूल के छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभिन्न विकास कार्यो का परिसर में सी.पी.टी. सेग्रीगेसन, खेल मैदान के सामने परकोलेशन टैक निर्माण, हाई स्कूल मैदान समतलीकरण कार्य तथा सेगीगेसन शेड परिसर में समतलीकरण कार्य का लाकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन पश्चात कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को दिशा दिखाने का कार्य किया है।

संगीतमय 1008 पंच हनुमान चालीसा अनुष्ठान 12 फरवरी से

कटनी, यशभारत। कटनी सत्संग सेवा समिति के तत्वाधान एवं वर्ष 1938 मे संस्थापित कटनी की पुरानी धार्मिक संस्था श्री बजरंग बाल रामायण समाज कटनी के संकल्प संयोजन मे रविवार 12 फ़रवरी को सुबह 8 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। इस अनुष्ठान की विशेषता यह होगी कि 1008 तो संकल्प हैं पर इससे अधिक महिला पुरुष एक निश्चित आसन पर बैठ कर हनुमान चालीसा का 5 बार सरस संगीत मध्य गायन करेंगे। पूजन सामग्री थाली वहीं प्रदान की जावेगी। यह अनुष्ठान हनुमत कुटी धाम के पूज्यपाद संत प्रवर सुरेंद्र दास महाराज के मार्गदर्शन मे क्रियान्वित किया जा रहा है इस आयोजन में प्रेम रामायण व वेदांती आश्रम के पूज्य महांत बाल संत रमाकांत दास राम जी महाराज चित्रकूट धाम, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से आनंद महाराज, फलाहारी महाराज चित्रकूट धाम आदि संतो का सानिध्य एवं आर्शीवचन प्राप्त होगा। इस अनुष्ठान के तहत 12 फरवरी को सुबह 8 बजे दिव्यांचल गार्डन मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश द्वार तक शोभायात्रा, 9बजे से पंजीयन अनुसार बैठक व्यवस्था क्रम निर्धारण, .10:15 से संकल्प, मंगलानुशासन, आवाहन आरती 10: 30 से अनुष्ठान प्रारम्भ 12 पर संत प्रवर आशीर्वाचन, 12:30 सम्मान व् भजन, 1:30 बजे पूर्णाहुति आरती, तत्पश्चात भंडारा महाप्रसाद एवं 4 बजे तक समापन। इस अनुष्ठान मे सहभागिता करने हेतु गूगल पर एक लिंक बनाई गई हैं जिसको अपने मोबाईल पर खोल कर पंजीयन किया जा सकता हैं। साथ ही हमने कटनी के मुख्य प्रतिष्ठानों मे छपे हुए मेनुअल फार्म भी रखें हैं जहां से इक्षुक जन प्राप्त कर भर के वहीं जमा भी कर सकते है। पंजीयन दिनांक 8 फ़रवरी तक ही स्वीकार किये जा सकेंगे। उक्ताशय की जानकारी आयोजन समिति द्वारा एक पत्रकारवार्ता के माध्यम से प्रदान की गई। इस अवसर पर भगवानदास महेश्वरी राजू अग्रवाल नंदू खताल किशन शर्मा ईश्वर राहोरा बबलू 14 प्रेम प्रकाश दीक्षित आशीष शुक्ला मोहित बहरे अन्य उपस्थिति रही।



विजयनाथधाम मेला पहुंचकर कलेक्टर ने ग्रामीणों व दुकानदारों से किया संवाद

कटनी, यशभारत। विकास यात्रा के निरीक्षण हेतु विजयराघवगढ़ के भ्रमण पर निकले कलेक्टर अवि प्रसाद को अचानक विजयनाथधाम बरही के मेले में देखकर ग्रामीण और दुकानदार हतप्रभ और आश्चर्यचकित हो गये। कलेक्टर श्री प्रसाद ने मेले में लगे बांस के उत्पादों के स्टॉल मे गहरी दिलचस्पी दिखाई और बांस से निर्मित सामग्री डलिया, टोकरी आदि को भी देखा और बडी नफासत से तैयार किये गए बांस उत्पादों की जमकर सराहना की। श्री प्रसाद ने मेले में लगी एक दुकान से दुकानदार को प्रोत्साहित करने कोटी जैकेट की खरीददारी भी किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद मे उनके घर- परिवार सहित समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने शिव मंदिर पहुंचकर जिले के नागरिकों के लिए भगवान शंकर की पूजा अर्चना की और नागरिकों के लिए सुख- समृद्धि की कामना और प्रार्थना किया। इस मौके पर जिला पंचायत के सी.ई.ओ. शिशिर गेमावत और नायब तहसीलदार जितेन्द्र पटेल भी मौजूद रहे। स्थानीय पत्रकारों से चर्चा कर कलेक्टर श्री प्रसाद ने स्थानीय समस्याओं व क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों सहित मेला स्थल की प्राचीनता की जानकारी ली।

महापौर ने विकास रथ को दिखाई हरी झंडी

हितग्राही मूलक योजनाओं का आम जन को दिलाया लाभ

कटनी, यशभारत। कटनी नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी सहित विधायक संदीप जयसवाल ननि अध्यक्ष मनीष पाठक तथा एमआईसी सदस्यो सम्माननीय पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं को लेकर रविवार से शुभारंभ हुई विकास यात्रा का रथ संत रविदास जयंती के उपलक्ष में नदीपार संत रविदास तिराहे से किया गया। यात्रा का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान नगरीय सीमा के अंतर्गत आने वाले हितग्राहियों को शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का हितलाभ पत्र भी जनप्रतिनिधियों द्वारा दिया गया। जैसे कि शासन द्वारा आयुष्मान कार्ड खाद्यान्न पर्ची पीएम निधि योजना के तहत मिलने वाले लाभ व शासन की अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ प्रदान किए गए ।इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचे यही हमारा मुख्य उद्देश्य है। यात्रा में बच्चियों द्वारा आत्मरक्षा के लिए लाठी भी भांजी गई जो कि आकर्षण का केंद्र रही। रविदास तिराहे के बाद विकास रथ महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर कैलवारा ग्राम की ओर रवाना किया गया। इस दौरान एमआईसी सदस्य सर्वश्री संतोष शुक्ला अवकाश जयसवाल श्रीमती बीना बैनर्जी डॉ रमेश सोनी पार्षद सुरेंद्र गुप्ता सुभाष साहू श्रीमती सीमा श्रीवास्तव श्रीमती शकुंतला सोनी उमेंद्र अहिरवार शशिकांत तिवारी ओम प्रकाश सोनी श्री भास्कर भूटटू यादव भाजपाजनों में पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव रामरतन पायल रवि खरे चेतन हिंदूजा अभिषेक ताम्रकार शिल्पी सोनी महेश शुक्ला सहित स्थानीयजनो तथा नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

इमलिया जलाशय बना आजीविका का साधन

कटनी, यशभारत। विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत सिमराकला में आदिवासी मदुआ स्व-सहायता समूह मछली पालन कर समृद्वि की इबारत लिख रहा है। सिमराकला द्वारा मनाये गये अमृत सरोवर एवं पुष्कर धरोहर निर्माण कार्यों के भ्रमण के दौरान इमलिया जलाशय में मछली पकड रहे सुनमान सिंह पिता पंचम सिंह एवं मछुआ स्वसहायता समूह के अन्य आठ सदस्यों से ज्ञानेन्द्र मिश्रा की मौके पर मुलाकात क। समूह के अध्यक्ष सुनमान सिंह ने बताया गया कि यह समूह विगत वर्ष से मछली पालन का कार्य कर रहा है। इमलिया जलाशय में विगत कई वर्षों से लीकेज होने के कारण पानी का भराव संभव नहीं हो पा रहा था जिसे विगत वर्ष जलसंसाधन की सहमति से ग्राम पंचायत इमलिया द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत जलाशय में सुधार एवं विस्तासरीकरण का कार्य किया गया परिणाम स्वरूप वर्षों से हो रहे लीकेज का कार्य बंद हो जाने से आदिवासी मछुहा स्वकसहायता समूह को 2840 रूपये प्रतिवर्ष के अनुबंध पर जलाशय को मछ ली पालन हेतु अनुबंधित किया गया है।

कटनी की सुम्बुल बिगबॉस के अंतिम 7 में

कटनी, यशभारत। बिग बॉस के 16वें सीजन का आखिरी पड़ाव चल रहा है. इसमें आखिरी 7 कंटेस्टेंट बचे हैं और ये सभी जीतने के लिए भरपूर जोर लगा रहे हैं. इन 7 कंटेस्टेंट में दो कंटेस्टेंट मध्य प्रदेश के हैं. इनमें से शालीन भनोट जबलपुर के हैं, जबकि सुम्बुल तौकीर कटनी शहर की रहने वाली हैं. हालांकि सुम्बुल ने शिक्षा-दीक्षा जबलपुर में ही रहकर पूरी की है। शालीन भनोट मध्यप्रदेश के जबलपुर के रहने वाले है। शालीन मध्यम वर्गीय परिवार से हैं. उन्होंने कई टीवी सीरियल में काम किया है. शालीन के पिता बृज मोहन भनोट बिजनेसमैन और मां सुनीता हाउसवाइफ हैं. शालीन ने स्कूल की पढ़ाई जबलपुर से ही की है और उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था.

इमली में सुम्बुल ने निभाई है मुख्य भूमिका- सुम्बुल तौकीर खान का जन्म 15 नवंबर 2003 को मध्य प्रदेश के छोटे से जिले कटनी में हुआ था. उनको बिग बॉस के जरिए बड़ा पड़ाव जरूर मिला है, लेकिन 2020 में स्टार प्लस के टीवी धारावाहिक इमली में उन्होंने मुख्य भूमिका अदा की थी। यह किरदार काफी पसंद भी किया गया है. इनके पिता तौकीर हसन खान टीवी धारावाहिकों में कोरियोग्राफर हैं।

दोनो कंटेस्टेंट अपने लिए मांग रहे वोट

मध्यप्रदेश के दोनों ही कंटेस्टेंट शालीन और सुंबुल अपने लिए वोट करने को कह रहे हैं और जबलपुर व कटनी के लोग दोनों का खासा उत्साहवर्धन भी कर रहे हैं। लोग उनके लिए वोट भी कर रहे हैं। हालांकि, आगे क्या होगा यह अभी तो नहीं पता, लेकिन बिग बॉस के सीजन 16 में टॉप 7 तक जगह बनाने में दोनों ही कलाकार सफल रहे हैं।

ब्राह्मण बालकों का उपनयन संस्कार 22 को

कटनी, यशभारत। ब्राह्मण बालकों का उपनयन संस्कार 22 फरवरी 2023 को होगा कटनी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज जिला कटनी एवं समस्त इकाई के तत्वाधान में ब्राह्मण बालकों का उपनयन संस्कार 22 फरवरी दिन बुधवार को प्रातः 09बजे से ब्राह्मण सत्संग भवन मसुरहा घाट कटनी में किया जायेगा। ब्राम्हण समाज ने विप्र जन अभिभावकों सेआग्रह किया है कि जिन बालकों का उपनयन संस्कार करवाना है उनका नाम पता फोटो कार्यालय में शीघ्र जमा करने की कृपा करें। ब्राह्मण समाज जिला कटनी एवं समस्त इकाई सम्पर्क नं 9827628158 पर संपर्क कर सकते हैं।

सागर की कल्चर टेस्ट लैब में जुड़ेगा कटनी

कटनी, यशभारत । सागर के टीबी अस्पताल में जल्द ही बिगड़ी टीबी का इलाज करने के लिए कल्चर टेस्ट की लैब शुरू होगी। इसकी स्वीकृति हो गई है। अगले दो महीने में यह शुरू भी हो जाएगी। अब तक सागर में केवल साधारण ही परीक्षण होते रहे हैं। बिगड़ी टीवी का इलाज करने के लिए जरूरी परीक्षण करने के लिए कल्चर भोपाल भेजना पड़ता था। अब यह लैब शुरू होने के बाद भोपाल पर निर्भरता खत्म हो जाएगी। सागर की कल्चर लैब में संभाग के 6 जिलों के साथ ही कटनी, नरसिंहपुर सहित अन्य चार जिलों को जोड़ा जाएगा। यहां कुल दस जिलों के टीबी मरीजों के कल्चर की जांच होगी।

बदला मौसम का मिजाज, तीखी लगने लगी धूप, रात में ठंडक बरकार

कटनी, यशभारत । कटनी जिले में फरवरी माह की शुरूआत के साथ ही अब हवा का रुख बदल रहा है। रविवार को सुबह से उत्तर- पश्चिमी हवा चलती रही। मौसम में बासंती रंग घुला रहा। मध्यम हवा के बीच पेड़ों से गिरते पत्ते पतझड़ का आभाष करा रहे थे, सुर्ख लाल टेसू के फूल भी इतराते रहे। रविवार को मौसम का मिजात ऐसा ही नजर आया। शाम हुई तो मौसम और खुशनुमा हो गया। दिन में हल्की गर्माहट तो रात में फिर उत्तरी हवा चलने से हल्की ठंडक महसूस होने लगी। मौसम विभाग के अनुसार मौसम शुष्क रहेगा तापमान में आंशिक बढ़ोत्तरी होने से दिन में हल्की गर्माहट महसूस की जा रही है। जबकि रात में हल्की ठंडक बरकरार है। रविवार को धूप में तीखापन ज्यादा रहा। ज्यादा देर तक धूप में रहना मुश्किल हो रहा था। धूप के असर से वातावरण में गर्माहट महसूस की गई। ठंड का असर भी बेहद कम रहा। अधिकतम तापमान भी 28.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं रात का तापमान भी 9 .2 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विज्ञानिकों की माने तो अगले 24 घंटे तक मौसम ऐसा ही रहेगा। तापमान में आंशिक बढ़ोत्तरी देखी सकेगी हालांकि रात के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं आएगा हल्की ठंडक घुली रहेगी।

नागपुर में ऑस्ट्रेलिया से 15 साल बाद टेस्ट खेलेगा भारत, 2010 के बाद यहां नहीं हारे



नागपुर में भारत के मुकाबले

साल	खिलाफ	नतीजा
2008	ऑस्ट्रेलिया	भारत 172 रन से जीता
2010	दक्षिण अफ्रीका	दक्षिण अफ्रीका पारी और छह रन से जीता
2010	न्यूजीलैंड	भारत पारी और 198 रन से जीता
2012	इंग्लैंड	ड्रॉ
2015	दक्षिण अफ्रीका	भारत 124 रन से जीता
2017	श्रीलंका	भारत पारी और 239 रन से जीता

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

मैच	तारीख	जगह	समय
पहला टेस्ट	9-13 फरवरी	नागपुर	सुबह 9.30 बजे
दूसरा टेस्ट	17-21 फरवरी	दिल्ली	सुबह 9.30 बजे
तीसरा टेस्ट	1-5 मार्च	धर्मशाला	सुबह 9.30 बजे
चौथा टेस्ट	9-13 मार्च	अहमदाबाद	सुबह 9.30 बजे

नागपुर ईएमएस। भारतीय टीम नौ फरवरी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इंडिया की नजर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार चौथी सीरीज जीतने पर होगी। कंगारूओं के खिलाफ भारत को सीरीज में पिछली हार 2014-15 में मिली थी। उसके बाद 2017 में घरेलू मैदान पर 2-1 से जीत मिली थी। फिर 2018-19 और 2020-21 में दोनों सीरीज ऑस्ट्रेलिया की जमीन पर भारत 2-1 के अंतर से जीता था।नागपुर में टीम इंडिया नवंबर 2017 के बाद पहली बार टेस्ट मैच खेलेगी। तब उसने श्रीलंका के खिलाफ पारी और 239 रन से हराया था। टीम इंडिया इस मैदान पर 2010 के बाद से नहीं हारी है। उसे पिछली हार फरवरी 2010 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली थी। तब पारी और छह रन से हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद भारतीय टीम ने यहां न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका को हराया। इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट ड्रॉ रहा था। भारतीय टीम नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22008 के बाद पहली बार खेलेगी। पिछली बार उसे 172 रनों से जीत मिली थी। वह मैच भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के करियर का आखिरी मुकाबला था। उसी सीरीज में अनिल कुंबले ने संन्यास लिया था। वह नागपुर से पहले दिल्ली में खेले गए तीसरे टेस्ट में आखिरी बार खेले थे। नागपुर में महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी की थी। उन्होंने मैच के आखिरी समय में पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को कुछ देर के लिए कप्तानी करने का मौका दिया था। उनके इस कदम ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया था।

टेस्ट सीरीज के पहले दो मैचों के लिए टीम इंडिया- रोहित शर्मा (कप्तान) शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, केएल राहुल, एस भरत, ईशान किशन, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

ऑस्ट्रेलिया की टीम- उस्मान ख्वाजा, मैट रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड, मार्नश लाबुशेन, एश्टन एगर, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी, पीटर हैंड्सकॉम्ब, पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन, लांस मौरिस, टॉड मर्फी, मिचेल स्टार्क, मिचेल स्वीपसन।

इंग्लैंड की यह दिग्गज बनीं मुंबई इंडियंस की हेड कोच, झूलन और देविका को भी मिली यह जिम्मेदारी

नई दिल्ली , एजेंसी । महिला आईपीएल या विमेंस प्रीमियर लीग (ङ्क्क्र) के पहले संस्करण के लिए सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है । इस साल पांच टीमें इस टूर्नामेंट में खेलती दिखेंगी । इनमें मुंबई इंडियंस, गुजरात जाएंट्स, लखनऊ वॉरियर्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें शामिल हैं । खिलाड़ियों को लेकर ऑक्शन 13 फरवरी को मुंबई या दिल्ली में होने की संभावना है । वहीं, सभी टीमों ने कोचिंग स्टाफ को अपनी टीम से जोड़ना शुरू कर दिया है । महिला आईपीएल की शुरुआत मार्च में हो सकती है ।

इसी कड़ी में मुंबई फ्रेंचाइजी ने इंग्लैंड की पूर्व महान खिलाड़ी चार्लोट एडवर्ड्स को हेड कोच नियुक्त किया है। एडवर्ड्स महिला इंग्लैंड टीम की कप्तान रह चुकी हैं। वहीं, पद्म श्री और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित की जा चुकीं झूलन गोस्वामी टीम मेंटर और बॉलिंग कोच के रोल में दिखेंगी। भारत की पूर्व ऑलराउंडर देविका पलशिकार को बैटिंग कोच बनाया गया है, जबकि त्रुपती चंदगडकर भट्टाचार्या को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है।

चार्लोट को महान महिला क्रिकेटरों में से एक माना जाता है। अपने 20 साल के करियर में उन्होंने इंग्लैंड को वनडे और टी20 विश्व कप में जीत दिलाई। पिछले पांच साल से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में अलग-अलग टीमों को कोचिंग दे रही हैं। वह कोच और खिलाड़ी के तौर पर काफी सम्मान पा चुकी हैं। वहीं, झूलन ने पिछले साल ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। 20 साल के करियर में झूलन ने 350 से भी ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकीं देविका को कोचिंग में काफी अनुभव है। वह 2009 से 2012 तक असम महिला टीम की कोच रह चुकी हैं। इसके अलावा 2014 से 2016 तक वह भारतीय महिला टीम की असिस्टेंट कोच भी रह चुकी हैं। 2018 में एशिया कप ट्रॉफी जीतने वाली बांग्लादेश की टीम वह असिस्टेंट कोच भी रही थीं। त्रुपती भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व मैनेजर भी रह चुकी हैं।

नीता अंबानी ने कहा- चार्लोट एडवर्ड्स, झूलन गोस्वामी और देविका पलशिकार का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। खेल में अधिक से अधिक महिलाओं को न केवल खिलाड़ियों के रूप में, बल्कि प्रशिक्षकों, प्रशासकों और सहायक कर्मचारियों के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देखना अद्भुत है। यह भारत में महिलाओं के खेल के लिए एक रोमांचक समय है। हमारी महिला एथलीटों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर लगातार देश को गौरवान्वित किया है। हम हर संभव तरीके से उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे यकीन है कि शार्लोट, झूलन और देविका के सक्षम समर्थन के साथ हमारी महिला टीम मुंबई इंडियंस के प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाएगी।मैं इस रोमांचक यात्रा पर अपने कोच और पूरी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

महबूब से सच्ची मोहब्बत करना सिखाती हैं ये फिल्में, इन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उठा सकते हैं लुत्फ

मुंबई ,ईएमएस। वक्त कटता भी नहीं, वक्त रुकता भी नहीं, दिल है सजदे में मगर, इश्क झुकता भी नहीं', शायरी की दुनिया के मशहूर शायर गुलजार साहब की यह शायरी हर उस शख्स के दिल की आवाज है, जो अपने महबूब के लिए धड़कता है। इसी मोहब्बत को वैलेंटाइन डे पर सेलिब्रेट करने की परंपरा बहुत पुरानी है। प्रेमी जोड़ों के लिए वैलेंटाइन डे किसी त्योहार से कम नहीं होता। बॉलीवुड भी इस प्यार के अहसास से अछूता नहीं है। चलिए जानते हैं बॉलीवुड की उन फिल्मों के बारे में, जो प्यार के अहसास से सराबोर हैं। इन फिल्मों को देखकर सच्ची मोहब्बत करना सीखा जा सकता है।

मोहब्बतें

साल 2000 में आई फिल्म मोहब्बतें हर प्रेमी जोड़े को प्यार करना सिखाती है। यह फिल्म एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो अपने प्यार के गुजर जाने के बाद भी उससे बेइंतहा मोहब्बत करता है। तमाम विरोधों के बावजूद वह उसी गुरुकुल में पढ़ने वाले छात्रों को प्यार की परिभाषा सिखाता है, जहां उसकी प्रेमिका के रूढ़िवादी पिता प्रधानाचार्य होते हैं। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय, उदय चोपड़ा आदि ने मुख्य भूमिका निभाई थीं।

मुगल-ए-आजम

साल 1960 में रिलीज हुई 'मुगल-ए-आजम' प्यार की सारी मिसालें पेश करती फिल्म है। मोहब्बत जो डरती है, वह मोहब्बत नहीं, अय्याशी है, गुनाह है। फिल्म का यह डायलॉग आज भी हर उस आशिक के दिल में है, जो अपनी महबूब से सच्चा प्यार करता है। इस फिल्म में अकबर के शहजादे सलीम और दासी अनारकली की खूबसूरत प्रेम कहानी को दिखाया गया। इस ऐतिहासिक फिल्म को बनने में कुल 16 साल लगे थे।

मसान

साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म मसान की कहानी जातिवाद के जाल में उलझे प्यार की कहानी है। इस फिल्म में ऐसे विषय को उठाया गया, जिनसे हम नजरें नहीं चुरा सकते, लेकिन अपनी भागदौड़ की जिंदगी में अक्सर नजरअंदाज कर जाते हैं। फिल्म में एक डोम लड़के और ऊंची जाति लड़की की सच्ची, लेकिन अधूरी प्रेम कहानी को दिखाया गया। इस फिल्म में रिचा चड्ढा, विकी कौशल, संजय मिश्र, श्वेता त्रिपाठी और विनीत कुमार लीड रोल में हैं।

रॉकस्टार

फिल्म 'रॉकस्टार' बेहद खूबसूरत लव स्टोरी है, जिसे इम्तियाज अली ने निर्देशित किया। यह फिल्म जनार्दन नाम के सीधे-सादे लड़के पर आधारित है, जो अपना दिल तुड़वाने के लिए कॉलेज की सबसे पॉपुलर लड़की हीर के पास जाता है। दोनों की प्रेम कहानी अधूरी ही रह जाती है। जनार्दन पॉपुलर सिंगर बन जाता है। बाद में जनार्दन को हीर की बीमारी अप्लास्टिक एनीमिया का पता चलता है तो दोनों कुछ आखिरी पल साथ बिताने लगते हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर ध्यान दे खिलाड़ी , आने वाले समय में कुछ ही लीग रहेंगी: गांगुली

कोलकाता (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि आने वाले समय में कुछ ही लीग टिक पायेंगी। ऐसे में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर ही अधिक ध्यान देना चाहिये। गांगुली के अनुसार भविष्य में केवल वे ही लीग टिक पायेंगी जो आर्थिक तौर पर मजबूत हों। गांगुली का ये बयान इसलिए अहम है क्योंकि विश्व भर में टी20 लीग की बढ़ती संख्या के बीच अब खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की जगह पर फ्रेंचाइजी क्रिकेट को अधिक महत्व देने लगे हैं। बिग बैश लीग के बाद अब यूएई और दक्षिण अफ्रीका में लीग हो रही है। इसके अलावा साल के आखिर में अमेरिका में भी एक लीग की योजना है। ऐसे में खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की जगह लीग में खेल रहे है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल का स्तर गिर रहा है। गांगुली ने कहा, 'हम दुनिया भर में हो रही लीग के बारे में बात करते रहते हैं। वहीं भारतीय प्रीमियर लीग (आईपीएल) बिल्कुल अलग तरह की लीग है। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग भी अच्छा कर रही है और इसी तरह ब्रिटेन में द हंड्रेड ने अच्छा किया। दक्षिण अफ्रीका लीग भी अच्छा कर रही है। उन्होंने कहा, 'ये सभी लीग उन देशों में हो रही है जहां क्रिकेट लोकप्रिय है। मेरा मानना है कि आने वाले चार पांच साल में कुछ ही लीग बची रहेंगी और मुझे पता है कि वे कौन सी होंगी। उन्होंने कहा, 'अभी हर खिलाड़ी नयी लीग से जुड़ना चाहता है हालांकि आने वाले समय में उन्हें पता चल जाएगा कि कौन सी अहम है। ऐसे में देश के लिए खेलने को लीग क्रिकेट पर तरजीह दी जाएगी। उन्होंने क्रिकेट प्रशासन की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि जिम्बाब्वे क्रिकेट इसी कारण नीचे आया है। उन्होंने कहा कि मुझे ये अनुभव बंगाल क्रिकेट ओर बीसीसीआई की जिम्मेदारी संभालने के कारण हुआ है।

श्रीधर ने किताब में खुलास किया , कैसे अश्विन ने बनाया वार्नर को शिकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर ने अब खुलासा किया है कि साल 2017 सत्र के दौरान किस प्रकार आर अश्विन ने ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड बार्नर पर अंकुश लगा दिया था। श्रीधर ने कहा, हमने पुणे में पहला टेस्ट बड़े अंतर से हारे थे और बेंगलुरु में अगले मैच में 0-1 से पीछे थे। हम पहले दिन 189 रन पर आउट हो गए थे और वार्नर के साथ ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 40 रनों की अच्छी शुरूआत की थी। वॉर्नर अच्छे फॉर्म में दिख रहे थे। श्रीधर ने अपनी किताब कोचिंग बियॉन्ड- माई डेज में लिखा है, उस शाम जब हम अपने कमरे की ओर जा रहे थे, तब अश्विन को अचानक ही स्टंप्स के ऊपर से वॉर्नर के पास जाकर उनके लेग स्टंप के बाहर रफ का फायदा उठाने का विचार आया। उस मैच में भारत 1-0 से पीछे था और चार मैचों की श्रृंखला को बराबर करने के लिए बेंगलुरु में जीत की सख्त जरूरत थी। अश्विन का वह विचार था था कि भले ही वह वॉर्नर को तत्काल आउट न कर पायें पर रन की गति को कम करने में सफल रहेंगे।' श्रीधर ने कहा, उस समय, वॉर्नर एक बहुत ही आक्राम खिलाड़ी थे। वह खेल को हमसे दूर ले जाने की कोशिश रहे थे। अश्विन चाहते थे कि किसी न किसी को निशाना बनाया जाए और वॉर्नर के पैरों पर गेंदबाजी की जाए।' यह योजन सफल रही और अगले दिन वार्नर अश्विन का शिकार बने।

कभी पांच हजार रुपये लेकर भारत आई थीं नोरा फतेही, आज करोड़ों दिलों पर करती हैं राज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड इंडस्ट्री में टैलेंट की भरमार है। लोग इस इंडस्ट्री में अपने टैलेंट की वजह से आते हैं और अपनी पहचान बनाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी शख्सियत के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में आने के लिए सात समुद्र का सफर तय किया और कड़ा संघर्ष भी किया। हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की 'दिलबर गर्ल' नोरा फतेही की, जिनके गानों ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। बर्थडे पार्टी से लेकर बड़े-बड़े फंक्शन में नोरा के गाने जरूर बजते हैं। इतनी कामयाबी हासिल करने वाली नोरा ने अपने करियर की शुरुआत जीरो से ही की थी। आज नोरा अपना जन्मदिन मना रही हैं तो आइए आपको बताते हैं 'साकी गर्ल' की जिंदगी से जुड़े कुछ दिलचस्प किस्से। दिलबर गर्ल नोरा का जन्म 6 फरवरी 1992 को कनाडा में हुआ था। नोरा डांसर के अलावा मॉडल भी हैं। उन्होंने बॉलीवुड में अपने टैलेंट और मेहनत के दम पर जगह बनाई है। अपने गानों के जरिए वह आज करोड़ों दिलों पर राज करती हैं। नोरा को फिल्मों से ज्यादा गानों में देखा गया। उन्होंने जिन भी गानों में अपने डांस मूव्स का कमाल दिखाया, वे सुपरहिट हुए। नोरा ने फिल्म च्चोर-टाइगर ऑफ द सुंदरबनज्से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। नोरा ने फिल्म 'रोर' में कमाल का अभिनय किया था। इसके बाद उन्हें तेलुगू फिल्मों में काम करने के ऑफर मिले। नोरा को रियलिटी शो 'बिग बॉस' के सीजन नौ में भी देखा गया, जहां उन्हें लोकप्रियता मिली। बिग बॉस शो में नोरा ने अपने गेम से दर्शकों के बीच खास जगह बनाई थी। इस शो के बाद नोरा ने रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' में हिस्सा लिया। इस मंच से नोरा ने अपना टैलेंट दुनिया को दिखाया। उनके जबरदस्त डांस मूव्स की दुनिया दीवानी हो गई। आज भले ही दुनिया नोरा को सफल अभिनेत्री के रूप में देखती है, लेकिन नोरा ने इस मुकाम पर आने के लिए काफी संघर्ष किया। नोरा जब पहली बार भारत आई, तब उनके पास सिर्फ 5000 रुपये थे। एक इंटरव्यू के दौरान नोरा ने इस बात का खुलासा किया था कि अपना पेट पालने के लिए उन्होंने कॉफी शॉप में भी नौकरी की थी। नोरा टेलीकॉलर की भी नौकरी कर चुकी हैं। करियर के शुरुआती दौर में नोरा लॉटरी टिकट बेचती थीं। बता दें कि नोरा ने अपने करियर में काफी सफलता हासिल कर ली है। नोरा के पास अब काम और पहचान की कमी नहीं है। नोरा ने जॉन अब्राहम की फिल्म 'सत्यमेव जयते' में 'दिलबर दिलबर' गाने से सभी का दिल जीता। इसके बाद वह सलमान खान के साथ फिल्म 'भारत' में नजर आई। वहीं, नोरा जॉन की फिल्म 'बाटला हाउस' में 'साकी साकी' और , च्स्त्रीज्में च्कमरियाज्पर भी अपने डांस का दम दिखा चुकी हैं।

फिल्म माफिया के खिलाफ कंगना ने फिर उगला जहर, लंबे-चौड़े पोस्ट से दी घर में घुसकर मारने की धमकी

मुंबई, ईएमएस। बॉलीवुड की क्वीन कंगना रणौत इन दिनों एक्शन मोड में नजर आ रही हैं । अभिनेत्री कभी च्पठानज्तो कभी फिल्मी सितारों पर निशाना साध रही हैं । कंगना के तेवर देखकर लग रहा है, ट्विटर पर अभिनेत्री की वापसी ने उनके अंदर नई एनर्जी भर दी है । सितारों और फिल्मों के बाद आजकल कंगना ने निशाने पर फिल्म माफिया हैं । कंगना रणौत ने सोशल मीडिया के जरिए फिल्म माफिया के खिलाफ अपनी भड़ास निकालती नजर आ रही हैं । कंगना ने आज फिर अपने सोशल मीडिया पर स्टोरी साझा करते हुए धमकी दे दी है ।

अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी-जाने वाली कंगना रणौत बीते दिन से फिल्म माफिया के ऊपर अपना गुस्सा निकालती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक लंबा-चौड़ा नोट लिखकर फिल्म माफिया को धमकी दे डाली है। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, च्जो भी लोग मेरे लिए परेशान थे उन्हें बता दूं कि बीती रात से मेरे आसपास ऐसी कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं हुई है, कोई मुझे फॉलो नहीं कर रहा न तो कैमरे के साथ और न ही बिना कैमरे के। देखो, जो भूत लातों से मानते हैं वो तो सिर्फ लातों से ही मानते हैं।

कंगना रणौत यहीं नहीं रुकीं अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वह लिखती हैं, च्ये संदेश चंगू मंगू गैंग के लिए है- बच्चो, तुम्हारा किसी देहाती से पाला नहीं पड़ा है, सुधर जाओ नहीं तो घर में घुसकर मारूंगी और जिनको लगता है कि मैं पागल हूं तुमको ये तो पता है कि मैं पागल हूं लेकिन ये नहीं पता कि कितनी बड़ी वाली हूं।ज्आपको बता दें, कल कंगना रणौत ने बीते दिन अपनी इंस्टा स्टोरी पर लिखा था कि 'मैं जब भी जहां भी जाती हूं, वहां मेरा पीछा किया जाता है। सड़कों से लेकर मेरे घर की पार्किंग तक वह मेरी जासूसी करने के लिए जूम लेंस लगाते हैं। यहां सबको यह पता है कि पैपराजी बॉलीवुड सितारों के पास तभी जाते हैं, जब उन्हें इसका पैसा मिलता है, लेकिन अगर मैं या मेरी टीम उन्हें एक भी पैसा नहीं दे रही है, तो हमारी खबर रखने के लिए उन्हें कौन पैसा दे रहा है।? सुबह 6.30 बजे मेरी फोटो क्लिक की गई, मुझे नहीं पता कौन उन्हें इसकी जानकारी दे रहा है।

कंगना रणौत ने बीते दिन अपनी स्टोरी में रणबीर-आलिया पर भी निशाना साधा था। एक्ट्रेस ने अपने नोट में दावा किया है कि आलिया भट्ट और रणबीर कपूर एक ही बिल्डिंग में अलग-अलग रहते हैं। इसके अलावा भी उन्होंने कपल पर कई आरोप लगाए हैं। आपको बता दें कि आलिया ने अपनी शादी में वैसी ही साड़ी पहनी थी, जैसी कंगना ने अपने भाई के रिसेप्शन पर पहनी थी।

कंगना रणौत के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री अपनी आगामी पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म च्इमरजेंसीज्के लिए चर्चाओं में बनी हुई हैं। यह फिल्म देश की सबसे बड़ी राजनीतिक घटना पर आधारित है। इस फिल्म में कंगना देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रही हैं। अभिनय के साथ ही इस फिल्म में कंगना ने निर्देशन की कमान भी संभाली है। आपको बता दें, कुछ समय पहले कंगना ने खुलासा किया था कि इस फिल्म को पूरा करने के लिए उन्हें अपना घर तक गिरवी रखना पड़ा था।

आयकर विभाग ने शुरू की पुलिस द्वारा जप्त रकम की जांच

कुठला पुलिस ने व्यापारियों की कार से बरामद किए थे बिना हिसाब किताब के 38 लाख 48 हजार रूपए

कटनी, यशभारत। कुठला पुलिस के द्वारा रविवार को कार से बरामद किए गए बिना हिसाब किताब के 38 लाख 48 हजार रूपए की जांच आयकर विभाग ने शुरू कर दी है। आयकर अधिकारियों ने कारोबारियों से रकम से संबंधित हिसाब किताब मांगा है। गौरतलब है कि रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान कुठला पुलिस ने कार क्रमांक क्रमांक एम.पी.21सीबी-2762 में सफर कर रहे बंगला लाइन निवासी लकी नागवानी, संजय गजवानी, प्रेमचंद गजवानी व हास्पिटल लाइन निवासी पवन कलवानी व नरेश पोपटानी के पास से बिना हिसाब किताब के 38 लाख 48 हजार रूपए बरामद किए थे। बताया जाता है कि कार में सवार सभी युवक कटनी के व्यापारी हैं तथा वो व्यापार से संबंधित वसूली करके वापस लौट रहे थे लेकिन व्यापारी जप्त रकम के संबंध में दस्तावेज नहीं दिखा पाए और ना ही संतुष्टीपूर्ण जवाब दिया। जिसके बाद पुलिस ने धारा 102 के तहत कार्रवाई करते हुए रकम को जप्त कर लिया और अब जप्त रकम की जांच आयकर विभाग द्वारा की जा रही है। आयकर की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा संबंधित व्यापारियों से रकम के संबंध में दस्तावेज व बिल प्रस्तुत करने संबंधी नोटिस जारी किया है।

बाइक की डिक्की से 40 हजार ले भागे बाइक सवार बदमाश

उमरियापान के बनहरी गांव में दिनदहाड़े वारदात

कटनी, यशभारत। उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम बनहरी में बाइक की डिक्की से 40 हजार रूपए पार होने की घटना प्रकाश में आई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बनहरी निवासी जनपद उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल के पति पारस पटेल सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे स्टेट बैंक से 40 हजार रूपए निकाले। पारस ने रकम को बाइक की डिक्की में रखकर वापस घर की ओर निकल पड़े। इस बीच बनहरी में ही घर के पहले पारस बाइक को खड़ा कर किसी परिचित से बातचीत करने लगे। इसी बीच पल्सर मोटर सायकल से हेलमेट पहककर पहुंचे दो अज्ञात बदमाश डिक्की से रकम निकालकर चंपत हो गए। पारस पटेल एवं आसपास मौजूद लोगों ने उन युवकों का बाइक से पीछा किया लेकिन बदमाश तेज रफ्तार में बाइक चलाकर भाग गए। घटना दोपहर लगभग 2 बजे की बताई जा रही है। पारस पटेल ने बताया कि बैंक परिसर से ही चोर रैकी कर रहे थे। बैंक के सीसीटीवी फुटेज में पल्सर में सवार चोर दिख रहे हैं। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। दिनदहाड़े इस तरह की घटना से लोग सहमे हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस का भय बदमाशों में समाप्त हो गया है। जिसके चलते वे अब पीछा कर इस तरह से दु:साहस दिखा रहे हैं। पुलिस यदि नियमित रूप से गश्त करती और अपराधियों में भय होता तो बदमाश इस तरह से दुस्साहस नहीं दिखा पाते। ऐसी वारदातों के बढ़ने से पुलिस की सक्रियता के दावों की सच्चाई भी सामने आई है।

जबलपुर-कटनी-मानिकपुर रेलखंड का जीएम ने किया विंडो इंसपेक्शन

स्टेशनों का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं में विस्तार के दिए निर्देश

कटनी, यशभारत। पश्चिम मध्य रेल जोन महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के द्वारा सोमवार को जबलपुर-कटनी-मानिकपुर तक के रेलखंड का निरीक्षण किया गया। सबसे पहले जीएम श्रीगुप्ता सोमवार को गाड़ी संख्या 11705 जबलपुर-रीवा शटल में निरीक्षणयान लगवाकर जबलपुर-कटनी रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए कटनी पहुंचे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड पर स्थित स्टेशनों, रेल पुलों, ओएचई लाइन, सिग्नल प्रणाली एवं समपार फाटकों की जानकारी के साथ सघन निरीक्षण किया। समपार फाटकों एवं ट्रैक पर कार्य करने वाले गैंगमैन/ट्रैकमैन की सुरक्षा एवं संरक्षा के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं जबलपुर से कटनी स्टेशन पहुंचकर स्टेशन की साफ -सफाई एवं यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद महाप्रबंधक ने कटनी से मानिकपुर रेलखंड का विंडो इंस्पेक्शन किया। इस दौरान जीएम ने पटवारा स्टेशन में उतरकर रेल ट्रैक को देखा। ट्रैक मेंटेनरों से ट्रैक की सुरक्षा, पॉइंट एंड क्रासिंग को लेकर रेल अधिकारियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान जीएम स्टेशन के सभी प्रकार के रजिस्टरों व ट्रैन शंटिंग करने में लगने वाले स्टूमेंट, स्टेशन पैनल एवं रिले रूम, वातानुकूलित यात्री प्रतीक्षालय, आरक्षण एवं टिकट घर का निरीक्षण किया। जैतवार के बाद उन्होंने बांसापहाड़ स्टेशन तक विंडो इंस्पेक्शन किया। वापसी में सैमुअल ब्रिज के साथ-साथ गैंग यूनिट के कार्य के साथ ट्रैक मेंटेनरों के सामानों एवं संरक्षा से संबंधित निरीक्षण किया। इसके बाद महानगरी एक्सप्रेस से जबलपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन, वरिष्ठ मंडल अभियंता जी.पी.सिंह, सीनियर डीई(टीआरडी), एरिया मैनेजर कटनी आशीष रावलानी, स्टेशन प्रबंधक वी.के.शर्मा, सीबीपीएस नावेद सिद्दकी, एस.एन.शुक्ला, सीटीआई कैलाशचंद रजक सहित मंडल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

फूड प्लाजा में सीनियर डीसीएम ने की छापेमारी

उधर जीएम श्रीगुप्ता के साथ निरीक्षण टीम में शामिल सीनियर डीसीएम विश्वरंजन ने भी फूड प्लाजा का निरीक्षण किया। यहां पर गंदगी मिलने पर कामर्शियल विभाग के अधिकारियों को विशेष ध्यान रखने कहा। फूड प्लाजा के पेटी कांट्रेक्टर अनिल जायसवाल को सफाई के निर्देश दिए। कैटरिंग और कामर्शियल स्टॉफ को 15 हजार रुपए का एवार्ड जीएम ने दिया। बेहतर कैटरिंग व अच्छे कार्य के लिए एवार्ड दिया।

कुठला में कौहारी नदी के किनारे बिछी थी बिसात

पुलिस ने घेराबंदी करके 6 जुआरियों को पकड़ा, फड़ से 13 हजार रूपए नगद बरामद

कटनी, यशभारत। कुठला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कुठला बस्ती के अंदर कौहारी नदी के किनारे चल रहे जुआफड़ पर छापेमारी करके आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से 13 हजार रूपए नगद जप्त किए गए है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कटनी सुनील कुमार जैन के निर्देशन व कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन के नेतृत्व में की गई। कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि कुछ दिनों से कुठला बस्ती स्कूल के पास कौहारी नदी किनारे जुआ खेले जाने की सूचना मिल रही थी। शिकायत पर जुआफड़ में दबिश के लिए टीम तैयार की गई। प्रधान आरक्षक राजेश चौधरी, रामेश्वर सिंह, नंदकिशोर, आरक्षक सत्येंद्र सिंह, निर्भय सिंह, चीता मोबाइल पार्टी संजय यादव और राजू मार्को ने जुआफड़ की घेराबंदी की। बताया जाता है कि जैसे ही पुलिस जुआफड़ पर पहुंची तो जुआरियों ने भागने का प्रयास किया, तभी पुलिस ने घेराबंदी करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए जुआरियों में नदी पार पीपल घाट निवासी सुनील चौधरी, नदीपार क्षेत्र निवासी आशीष कुमार रैदास, पन्ना मोड़ निवासी सत्यम सोनी, कुठला बस्ती निवासी अनुराग पटेल, शिवाजीनगर निवासी शुभ जयसवाल व नदीपार क्षेत्र निवासी रजनीकांत अहिरवार शामिल हैं। पुलिस ने जुआरियों के पास से 13 हजार रुपए नगद जप्त किए हैं। जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

नहीं लगा घर में अकेली वृद्धा के साथ लूटपाट करने वाले बदमाश का सुराग

कटनी, यशभारत। कोतवाली के आधारकाप क्षेत्र में गुरुवार की देरशाम घर में अकेली वृद्धा के साथ चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले नकाबपोश बदमाश की गिरफ्तारी तो दूर पुलिस अब तक उसका सुराग भी नहीं लगा पाई है। मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही क्षेत्र के कई संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उधर इस वारदात के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। दहशत जदा लोगों ने क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त बढाए जाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है। जानकारी के अनुसार आधारकाप क्षेत्र निवासी ज्वाला गुप्ता गुरूवार की शाम जब अपनी बेटी के साथ बाजार गए हुए थे उसी दौरान एक नकाबपोश युवक हेलमेट पहनकर घर के अंदर घुस गया और घर में अकेली ज्वाला गुप्ता की वृद्ध पत्नी शोभा गुप्ता के साथ चाकू की नोक पर लूटपाट की थी। बदमाश शोभा गुप्ता के गले से सोने का मंगलसूत्र खींचकर भाग गया था।

प्लाट बिकाऊ हैं

शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।
दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
मो. 9993705740

यश भारत परिवार को 17वें वर्ष में प्रवेश पर हार्दिक शुभकामनाएं

LIFE MEDICITY
Excellence in Healthcare

डॉ. मुकेश श्रीवास्तव
मैनेजिंग डायरेक्टर लाईफ मेडिसिटी
जटिल उदर रोग एवं अत्याधुनिक सर्जरीज
वरिष्ठ सर्जन, पेट,उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

डॉ.यश श्रीवास्तव
M.S. (General Surgery)
FIAGES, FALS (ROBOTIC SURGERY)
पित्त की पथरी,पथरी,अपेंडिक्स हर्निया,पेट संबंधी रोग

डॉ. विवेक के.दिवान
M.D. Physician
मेडिसिन विभाग
सर्दी,खांसी,बुखार,थायराइड एवं डायबिटीज रोग की जांच

आधुनिक मशीनरी एवं वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम द्वारा उपचार सुविधा महाकौशल के सर्वसुविधायुक्त लाइफ मेडिसिटी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में

विभाग

- मेडिकल गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी / सर्जिकल गेस्ट्रो एंटोलॉजी
- बेरियाट्रिक सर्जरी विभाग
- शिशु रोग विभाग (NICU,PICU,आकस्मिक चिकित्सा)
- हृदय रोग विभाग
- जनरल एवं इमरजेंसी मेडीसिन
- हड्डी रोग विभाग (ज्वाइंट रिप्लेसमेंट)
- स्त्री व प्रसूति रोग विभाग
- नेफ्रोलॉजी
- मेडीसिन विभाग
- शिशु वेक्सीनेशन (टीकाकरण) विभाग

जनरल एवं इमरजेंसी मेडीसिन
- डॉ. विवेक के. दीवान — जनरल फिजीशियन
- डॉ. अखिलेश तिवारी — एमडी मेडिसिन

पेट एवं उदर रोग विभाग
- डॉ. यश श्रीवास्तव — लेप्रोस्कोपिक सर्जन (पेट एवं उदर रोग विशेषज्ञ)

त्वचा रोग विभाग
- डॉ. आभा दीवान — कॉस्मेटोलॉजिस्ट (त्वचा, सौन्दर्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ)

शिशु रोग विभाग
- डॉ. दिव्या श्रीवास्तव — एम. डी. पीडियाट्रिक्स (नवजात व शिशु रोग विशेषज्ञ एवं नीओनेटल इन्टेन्सिव केयर)

हड्डी रोग विभाग
- डॉ. विकास सावला — ऑर्थोपेडिक ज्वाइन्ट रिप्लेसमेंट सर्जन
- डॉ. मोहसिन अंसारी — हड्डी रोग विशेषज्ञ

हृदय रोग विशेषज्ञ
- डॉ. आन्जनेय मिश्रा — जनरल फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ

फेफड़ा रोग विभाग
- डॉ. ऋषिकांत अहरवाल — इंटरवेंशनल पल्मोनोलिस्ट(फेफड़ा रोग विशेषज्ञ)

दंत रोग विभाग
- डॉ. संयोग पाठक — मैक्सिलोफिशियल सर्जन

स्त्री व प्रसूति रोग विभाग
- डॉ. मनिका दुबे — लेप्रोस्कोपिक सर्जन (स्त्री प्रसूति व नि:संतानता रोग विशेषज्ञ)

यूरो विभाग
- डॉ. जी.पी. चौबे — यूरोसर्जन

नाक, कान, गला रोग विभाग
- डॉ. सुशील त्रिपाठी — नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ

नेत्र रोग विभाग
- डॉ. सौरभ सोनी — नेत्र रोग विशेषज्ञ

न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (मस्तिष्क रोग विभाग)
- डॉ. प्रशांत कुशवाहा — न्यूरो एवं स्पाईन सर्जन

नेफ्रोलॉजी विभाग
- डॉ. आनंद बेहरानी — नेफ्रोलॉजिस्ट

कैंसर रोग विभाग
- डॉ. मालती भगत — ऑन्कोलॉजिस्ट- चिकित्सा / सीनी

एंबुलेंस सर्विस फ्री

लाइफ मेडिसिटी हॉस्पिटल आगा चौक, बल्देव बाग, जबलपुर 0761-4925150/51/52,+91-8920146989

निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता के स्तंभ

यश भारत

के सफलतम 17वें वर्ष में प्रवेश पर

हार्दिक शुभकामनाएं

सत्यानंद योग केन्द्र

वेदांश वाटिका

कलेक्ट्रेट के सामने, कटनी

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)